CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ
डॉ. तरूण ध्रुव
MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN IN NEPHROLOGY
डायलिसिस व सभी प्रकार के पथरी का इलाज उपलब्ध
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समय: सुबह 9:30 से 11:30
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208

वर्ष- 44 | अंक - 198 | राजनांदगांव, शुक्रवार 06 जून 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# बेंगलुरु भगदड़ मामला: सीआईडी को सौंपी गई जांच, एसआईटी गठित होगी

नई दिल्ली। बेंगलुरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में 4 जून को हुए हादसे ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया। आरसीबी की विक्ट्री परेड के दौरान हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 56 से अधिक लोग घायल हो गए। इस हादसे के बाद अब कर्नाटक सरकार ने इस मामले की जांच को गंभीरता से लेते हुए बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने हाई कोर्ट को सूचित किया है कि अब इस मामले की जांच आपराधिक जांच विभाग करेगी और एक विशेष जांच दल का गठन भी किया जाएगा।

यह जांच बेंगलुरु सिटी जिले के डिप्टी कमिश्नर और जिला मजिस्ट्रेट द्वारा की जाएगी। रिपोर्ट 15 दिनों के भीतर पेश की जाएगी। जांच का उद्देश्य भगदड़ के कारणों, संभावित लापरवाही, और जवाबदेही तय करना है। यह हादसा 4 जून 2025 को RCB की IPL जीत के बाद आयोजित विक्ट्री परेड के दौरान हुआ था।



हाईकोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट पेश

## क्या है पूरा मामला?

यह घटना तब घटी जब बेंगलुरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में RCB टीम की विक्ट्री परेड का आयोजन किया गया था। परेड की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो जाने के बाद बड़ी संख्या में प्रशंसक स्टेडियम के बाहर पहुंच गए। वहां मौजूद सुरक्षा व्यवस्थाएं इस भीड़ को संभालने में नाकाम रहीं और अफरा-तफरी मच गई। इस भगदड़ में 11 लोगों की जान चली गई और 56 अन्य घायल हो गए।

## सरकार की कार्रवाई

राज्य सरकार ने इस मामले में बेंगलुरु के कब्बन पार्क पुलिस स्टेशन में अपराध संख्या 123/2025 के तहत एफआईआर दर्ज की। यह एफआईआर भारतीय न्याय संहिता की निम्न धाराओं के तहत दर्ज की गई है- धारा 105 (गैर इरादतन हत्या), धारा 125(1)(2) (उकसावे से दंगा), धारा 132 (सार्वजनिक सुरक्षा में लापरवाही), धारा 121/1, धारा 190, साथ ही BNS की धारा 3(5) सरकार (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## आरसीबी इवेंट मैनेजमेंट कंपनी और कर्नाटक क्रिकेट बोर्ड पर एफआईआर दर्ज

बंगलूरू भगदड़ मामले में आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), डीएनए (इवेंट मैनेजमेंट कंपनी) और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) की प्रशासनिक समिति और अन्य के खिलाफ कब्बन पार्क पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज हुई है। एफआईआर में भगदड़ की घटना में आपराधिक लापरवाही की बात कही गई है। समाचार एजेंसी एएनआई ने गुरुवार को बताया कि इस मामले में धारा 105, 125 (1)(2), 132, 121/1, 190 आर/डब्ल्यू 3(5) के तहत शिकायत दर्ज की गई है। बंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ की मजिस्ट्रेट जांच की जा रही है। इस जांच का नेतृत्व कर रहे बंगलूरू शहरी उपायुक्त (डीसी) जी जगदीश ने गुरुवार को कहा कि कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पुलिस आयुक्त बी दयानंद (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मृतकों के परिवार को 10-10 लाख रुपये देगी आरसीबी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) फ्रेंचाइजी ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में मारे गए 11 प्रशंसकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है। फ्रेंचाइजी ने अपने बयान में कहा है कि मृतकों के परिजनों को मुआवजे के अलावा इस दुखद घटना में घायल हुए प्रशंसकों की सहायता के लिए आरसीबी केयर्स नामक एक कोष भी बनाया जा रहा है। बुधवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। दरअसल, आरसीबी ने 18वें सत्र में जाकर पहली बार आईपीएल का खिताब जीता। टीम बुधवार को अहमदाबाद से बंगलूरू पहुंची तो फैंस टीम की एक झलक पाने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीएम सिद्धारमैया ने पुलिस को माना बेंगलुरु भगदड़ का जिम्मेदार! पुलिस कमिश्नर समेत कई अफसर सस्पेंड

बेंगलुरु के एक क्रिकेट स्टेडियम में हुई भगदड़ की घटना ने पूरे राज्य को हिला दिया है.



इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए हैं. मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक जताते हुए पीड़ित परिवारों के लिए प्रार्थना की. मुख्यमंत्री ने बताया कि इस मामले में उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं. न्यायमूर्ति माइकल कुन्नाह के नेतृत्व में एक व्यक्ति जांच आयोग का गठन किया गया है, जो पूरे मामले की तह तक जाएगा. साथ ही घटना को लेकर एफआईआर भी दर्ज (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# देश में ही बनेगी राफेल विमानों की बॉडी, डसॉ एविएशन के साथ टाटा समूह की कंपनी ने किया करार

नई दिल्ली। फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनी डसॉ एविएशन और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड ने गुरुवार को भारत में राफेल लड़ाकू विमानों की बॉडी (फ्यूजलॉज) बनाने के लिए समझौते का एलान किया। साझेदारी के तहत, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लड़ाकू जेट के प्रमुख हिस्से का उत्पादन करने के लिए हैदराबाद में एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी।




टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने कहा कि पहले फ्यूजलॉज (विमान का धड़) के वित्तीय वर्ष 2028 में असेंबली लाइन से बाहर आने की उम्मीद है। इस सुविधा से हर महीने दो फ्यूजलॉज के आपूर्ति की उम्मीद है। बयान में बताया गया है कि टीएएसएल हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी। इसमें विमान की बॉडी, पूरा पिछला भाग और अगले हिस्से का निर्माण होगा। टीएएसएल ने कहा कि उसने भारत में राफेल लड़ाकू विमान के ढांचे के निर्माण के लिए डसॉ एविएशन के साथ चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। यह देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को समर्थन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डसॉ एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा, पहली बार राफेल की बॉडी का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा। यह भारत में हमारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। टीएएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व प्रबंध निदेशक सुकरन सिंह ने कहा कि यह साझेदारी भारत (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# अपने भव्य मंदिर में माता सीता संग विराजे राजाराम, सीएम योगी ने की प्राण प्रतिष्ठा



लखनऊ। रामनगरी के इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय उस समय जुड़ गया, जब बृहस्पतिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने भव्य मंदिर में राजा राम की प्राण प्रतिष्ठा की। सभी दिशाओं से वैदिक मंत्रों की ध्वनि गूंज रही थी। ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिर प्रांगण में पंडितों, आचार्यों और संतों का समवेत स्वर, शंखध्वनि और हवन की महक ने एक आध्यात्मिक वातावरण रच दिया था। इसी के साथ ही राजा राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति ने इस गरिमामयी क्षण को और भी दिव्य बना दिया। मुख्यमंत्री ने सभी देव विग्रहों का अभिषेक किया। इसके बाद राम दरबार की मूर्ति से आवरण हटाया गया। राजा राम का आभूषणों से भव्य श्रृंगार किया गया। इस दौरान अयोध्या के 19 संत धर्माचार्य भी मौजूद रहे। इसके अलावा ट्रस्ट, संघ व विहिप के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इससे पहले सीएम ने हनुमानगढ़ी में भी दर्शन पूजन किया।

# बंद कमरे में अमेरिकी अधिकारियों से चर्चा, 9 जुलाई की डेडलाइन आ रही करीब; भारत-यूएस के बीच ट्रेड पर होगा बड़ा ऐलान?

नई दिल्ली। भारत के साथ ट्रेड पर चर्चा के लिए अमेरिकी अधिकारी इस वक्त नई दिल्ली में हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के सीनियर अधिकारियों ने वार्ताकार राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में भारतीय व्यापार अधिकारियों के साथ बंद कमरे में चर्चा की। दो दिवसीय बातचीत का यह पहला दिन था। माना जा रहा है कि जल्द ही भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया जा सकता है। दोनों देशों के अधिकारी कृषि और ऑटो सहित विशिष्ट क्षेत्रों पर टैरिफ कटौती और इंडियन कंपनियों के लिए फायदों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति की तरफ से लगाए गए टैरिफ की डेडलाइन करीब आ रही है। ऐसे में इस महीने के अंत तक औपचारिक घोषणा की संभावना जताई जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, कैबिनेट मंत्री पीयूष गोयल इस वक्त इटली में हैं, लेकिन वह अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से मिलने के लिए वापस आ सकते हैं।



भारत और अमेरिका ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2024 में भारत का अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार बढ़कक 129 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। इसमें भारत 45.7 बिलियन डॉलर के सरप्लस में है। ब्रिटेन के साथ हाल ही में हुए समझौते और यूरोपियन यूनियन के साथ चल रही बातचीत से भारत फायदे की स्थिति में है। अमेरिका का कहना है कि कृषि पर लगने वाला टैरिफ 39 फीसदी तक पहुंच गया है। यूएस भात पर इथेनॉल उत्पादन के लिए मकई के आयात की अनुमति देने के लिए भी दबाव डाल रहा है।

APEX SUPER SPECIALITY HOSPITAL
ब्रॉकोस्कोप फेफड़े का ईलाज
राजनांदगांव का एक मात्र सबसे क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल, छत्तीसगढ के सबसे अनुभवी डॉक्टरों के द्वारा...
07744459998, 6261925061, 9424152124, 8269099654
infront of Radhaswami Satsang Hall, Dongargaon Road, Basantpur, Rajnandgaon (C.G.)

# ट्रम्प बोले- मस्क से निराश हूं, उनकी बहुत मदद की: टेस्ला चीफ ने कहा- ट्रम्प एहसान फरामोश?, मैं नहीं होता तो वे चुनाव हार जाते

वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को एलन मस्क को याद करते हुए कहा कि मैं मस्क से बहुत निराश हूं। मैंने उनकी काफी मदद की है। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में कहा कि एलन और मेरे बीच बहुत अच्छे संबंध थे। मुझे नहीं पता कि हम आगे भी रहेंगे या नहीं।



## मस्क ने छोड़ा ट्रंप का साथ

बता दें कि एलन मस्क ने ट्रंप प्रशासन में अपना पद छोड़ने के कुछ ही दिनों बाद ट्रंप के वन बिग ब्यूटीफुल बिल के खिलाफ जमकर हमला किया था। उन्होंने कहा था कि मुझे खेद है, मैं अब इसे बर्दाश्त नहीं कर सकता। यह अपमानजनक है और कांग्रेस का यह बिल बेहद घृणित है। वहीं, जब ट्रंप से एलन मस्क को लेकर इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि उन्होंने मेरे बारे में सबसे सुंदर बातें कही हैं, और उन्होंने मेरे बारे में व्यक्तिगत रूप से बुरा नहीं कहा है, लेकिन मुझे यकीन है कि आगे भी ऐसा ही होगा। लेकिन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# यहां कोई आतंकी अड्डा नहीं..., पाकिस्तान को थरूर ने सुनाई खरी-खरी

नई दिल्ली। अमेरिका पहुंचे भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने एक बार फिर से आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को घेरा है। इस प्रतिनिधिमंडल के मुखिया और कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पाकिस्तान के साथ चीनी मुद्दे पर भी बात की। इस दौरान उन्होंने इस मुद्दे पर तगड़ा जवाब दिया। दरअसल, जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत चीनी तकनीक के खिलाफ अच्छी स्थिति में है या फिर पुनर्मूल्यांकन चल रहा है। इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने देखा कि पाकिस्तानियों ने चीनी तकनीक का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि लड़ाई के (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# पहले भारतीय सेना ने चटाई धूल, अब डिप्लोमैटिक मोर्चे पर भी पस्त हो रहा पाक

नई दिल्ली। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान और गुलाम कश्मीर में मौजूद आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत स्ट्राइक की थी। भारत की स्ट्राइक से बौखलाए पाकिस्तान ने हवाई हमले की कोशिश की, लेकिन भारत के मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम ने उसकी उम्मीदों को मिट्टी में मिला दिया।



दुनिया ने माना आतंकवाद का गढ़

सैन्य मौर्च पर मुंह की खाने के बाद अब पाकिस्तान ने भारत की नकल करते हुए दुनिया में अपने संसदीय प्रतिनिधिमंडल भेजा। लेकिन अब कूटनीति के मोर्चे पर भी पाकिस्तान बुरी तरह फेल हो गया है। पाकिस्तान का एक प्रतिनिधिमंडल न्यूयॉर्क, वाशिंगटन डीसी, लंदन और ब्रूसेल्स की यात्रा पर है, जबकि दूसरे डेलिगेशन को रूस भेजा गया है। जब पूरी दुनिया ने आतंकवाद के खिलाफ एक सुर में बोलना शुरू किया और भारत की कार्रवाई को सराहा, तो पाकिस्तान बुरी तरह बौखला गया। उसने धर्म का सहारा लेने की कोशिश की, लेकिन इसमें भी वह सफल नहीं हो पाया। पाकिस्तान ने मलेशिया में इस्लामिक एकजुटता का हवाला देकर भारत के कार्यक्रम को रद करने की कोशिश की। लेकिन उसकी एक न चली और भारतीय प्रतिनिधिमंडल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# डॉ. संतराम देशवाल को पद्मश्री पुरस्कार से किया गया सम्मानित

नई दिल्ली। राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में भव्य अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने साहित्य एवं शिक्षा' के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले डॉ. संतराम देशवाल को पद्मश्री पुरस्कार-2025 से नवाजा। इस दौरान समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे। इसके साथ ही भारत सरकार के अनेक उच्चाधिकारी, पद्म पुरस्कार विजेता और उनके परिजन भी मौजूद रहे।



साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान

बता दें कि 25 जनवरी को विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों के लिए केंद्र सरकार ने पद्म पुरस्कार के लिए घोषणा की गई थी। इस दौरान साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हरियाणा के सोनीपत निवासी डॉ. संतराम देशवाल को नामित किया गया। बीते मंगलवार को राष्ट्रपति भवन के दरबार हाल में भव्य अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। अब तक हरियाणा के लोग खेल, खेती आदि क्षेत्रों में पुरस्कार पाते रहे हैं। ये पहला मौका था, जब किसी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, एक करोड़ का इनामी नरसिम्हा चलम ढेर

बीजापुर। बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक करोड़ रुपये के इनामी माओवादी सीसी मेम्बर नरसिम्हाचलम उर्फ गौतम उर्फ सुधारक को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। बताया जा रहा है कि नरसिम्हाचलम मूलतः आंधप्रदेश के चिंतापालुदी का रहने वाला है। वह नक्सल संगठन में शिक्षा विभाग के कामों को देखता था। ऑटोमेटिक हथियार बरामद होने की खबर है। मुताबिक इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके में नक्सलियों के बड़े कैडर की मौजूदगी की पुख्ता सूचना पर सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम को अभियान पर रवाना किया गया था। अभियान के दौरान आज सुबह से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों ओर से हो रही मुठभेड़ में जवानों द्वारा एक नक्सली को मार गिराने व ऑटोमेटिक हथियार बरामद किये जाने की खबर मिल रही है। मुठभेड़ अब भी जारी है। बीजापुर में आज सुबह से मुठभेड़ जारी है। मौके से एक ऑटोमेटिक हथियार बरामद किया है। मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों की संख्या बढ़ने की भी संभावना जताई जा रही है। डीआरजी, कोबरा और एसटीएफ के जवान लगातार नक्सलवाद के खिलाफ सर्चिंग ऑपरेशन कर माओवादियों का खात्मा कर रहे हैं।



# एक पेड़ माँ के नाम: पीएम मोदी ने पर्यावरण दिवस पर रोपा सिंदूर का पौधा, कहा - यह 1971 के भारत-पाक युद्ध में नारीशक्ति की वीरता का प्रतीक

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार, 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर सिंदूर का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण को मातृभक्ति से जोड़ा। अपने नई दिल्ली स्थित आवास में पौधरोपण कर पीएम मोदी ने इसे नारीशक्ति की वीरता का प्रतीक बताया। साथ ही 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से जुड़कर हरित आवरण को बढ़ाने में योगदान देने की अपील की।



प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर पौधरोपण की तस्वीरें शेयर कर बताया कि यह पौधा उन्हें हाल ही में गुजरात के कच्छ क्षेत्र की उन वीरांगना माताओं और बहनों ने भेंट किया था, जिन्होंने 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान असाधारण साहस और पराक्रम का परिचय दिया है।

## अरावली ग्रीन वॉल परियोजना को मिली गति

प्रधानमंत्री ने दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में भी पौधारोपण कर अरावली ग्रीन वॉल परियोजना को बल देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया। अपने एक्स (पूर्व ट्विटर) हैंडल पर लिखा- विशेष वृक्षारोपण अभियान के साथ एक पेड़ माँ के नाम पहल को मजबूती दी। यह प्रयास अरावली पर्वतमाला के पुनरुद्धार और हरित विस्तार की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने पारंपरिक पौधारोपण विधियों के अलावा, नई तकनीकों को बढ़ावा देने की बात कही। खासतौर पर उन शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में जहाँ जगह की कमी है।

## मेरी लाइफ पोर्टल से जुड़ेगा हर पौधा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, पौधारोपण गतिविधियों को अब मेरी लाइफ पोर्टल पर जियो-टैग किया जाएगा। ताकि, इनकी निगरानी और रखरखाव पारदर्शी और तकनीकी रूप से संभव हो। पीएम मोदी ने युवाओं से इस अभियान में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

मस्तिष्क, नस एवं स्पाइन
राजनांदगाव रोग विशेषज्ञ में उपलब्ध
महीने के प्रत्येक शनिवार
दोप. - 3:30 बजे से 4:30 बजे तक
राजनांदगांव मेडिकोज, सतनाम भवन न्यू बस स्टैंड के पास
7869899833, 8871626367
डॉ. कुलदीप सिंह
MBBS, MS, Mch (Neuro)
Dr. Kuldeep's BRAIN AND SPINE CLINIC
24x7 EMERGENCY SERVICE
CALL- 6261500981
प्रतिदिन उपलब्ध
शिवाय मेडिकोज डॉ. बघेल पॉलीक्लिनिक के सामने न्यू बस स्टैंड दुर्ग

CMYK

## पहला कॉलम...

## युगांतर स्कूल में हुआ वृक्षारोपण



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा, खेल तथा संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप, हैड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी की उपस्थिति में किया गया। विद्यालय के गणमान्य पदाधिकारियों ने विद्यालय परिसर को हरियाली से युक्त बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा कि हमें वृक्षारोपण के साथ-साथ साथ उनकी की सुरक्षा करने का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विद्यार्थियों से सिंगल युज प्लास्टिक का प्रयोग ना करने का आव्हान भी किया। इसी तारतम्य में विज्ञान विभागाध्यक्ष रिंकू राय तथा विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में इस दिवस को यादगार बनाने के लिए विद्यार्थियों ने इस विषय पर पीपीटी का निर्माण तथा अपने घरों में वृक्षारोपण करने का महत्त्वपूर्ण किया। यही नहीं विद्यार्थियों ने पर्यावरण ने जुड़े विभिन्न टॉपिक पर पोस्टर निर्माण करके अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। उन्होंने सेव वाटर तथा प्लास्टिक का उपयोग ना करने, ग्लोबल वार्मिंग जैसे विषयों पर भी अपने वीडियो के माध्यम से विचार व्यक्त किए।

## रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 9 को

राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 9 जून सुबह 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में टेक्नोटास्क बिजनेस सॉलुशन प्राईवेट लिमिटेड टेड़ेसरा राजनांदगांव द्वारा कस्टमर सपोर्ट एसोसिएट के 70 पद, प्रथम एजुकेशन फाउण्डेशन अंजोरा जिला दुर्ग द्वारा मल्टीफंकस्नल ऑफिस एसोसिएट के 30 पद, हाउस कीपिंग के 30 पद एवं फूड एण्ड बेवरेजेस के 30 पद, क्वेस कॉर्पोरेट लिमिटेड जय स्तंभ चौक रायपुर द्वारा असेम्बली ऑपरेटर के 200 पद, असेम्बली ऑपरेटर के 50 पद, प्रोडक्शन ट्रेनी के 270 पद एवं प्रोडक्शन ट्रेनी के 50 पद, वृंदा इंजीनियरिंग प्राईवेट लिमिटेड टेड़ेसरा राजनांदगांव द्वारा फिटर के 50 पद, वेल्डर के 40 पद, गैस कटर के 35 पद, ग्राइंडर के 30 पद, हेल्पर के 50 पद, एसएपी ऑपरेटर के 3 पद, एनडीटी लेवल के 2 पद, असिस्टेंट इंजीनियर के 4 पद, सेफ्टी ऑफिसर के 2 पद एवं क्यूए व क्यूसी इंजीनियर के 4 पदों पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट में शामिल होने के लिए इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर अपने शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो व रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

## आज डोंगरगांव में राजस्व शिविर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में तहसील कार्यालयों में जनसामान्य के सुविधा की दृष्टिगत तहसील स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार 6 जून को तहसील कार्यालय डोंगरगांव में तहसील स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन किया गया है। नागरिक शिविर में शामिल होकर राजस्व संबंधित प्रकरणों का निराकरण करा सकते है। कलेक्टर ने शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, कोटवार को उपस्थित रहकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए है। तहसील स्तरीय राजस्व शिविर में अविवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा, धारा 115 के तहत त्रुटि सुधार सीमांकन, डायवर्सन, आरबीसी 6-4, किसान किताब, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, अतिक्रमण हटाये जाने से संबंधित आवेदन प्रमुख रूप से प्राप्त कर अतिशीघ्र निराकरण करना सुनिश्चित किया जाएगा। जिन आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया जाना संभव हो, उसे तत्काल शिविर स्थल में ही निराकृत किया जाएगा। शिविर में संबंधित न्यायालय के रीडर, भुईयां ऑपरेटर द्वारा त्वरित किये जा सकने वाले न्यायालयीन संबंधी कार्य तत्काल पूर्ण किए जाएंगे।

## कमला साहू का निधन



डोंगरगांव (दावा)। मटिया वार्ड निवासी कमला साहू 85 वर्ष का निधन 5 जून को हो गया है। वे सेवानिवृत शिक्षक नामदेव साहू की माताजी थी। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मटिया में किया गया। अंतिम संस्कार में सामाजिक बंधु, परिजन तथा मोहल्लेवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
06th June to 12th June 2025



HOUSEFULL 5 A - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
HOUSEFULL 5 B - 12:15, 03:15, 06:15 and 09:15 pm
Thug Life - 06:00 pm
Bhool Chuk Maaf - 09:00 pm
Mor Chhainha Bhuinya 3 (C.G) - 12:00 and 03:00 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
शानदार तीसरा सप्ताह रोजाना 4 खेल
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
छत्तीसगढ़ी
मोर छईयां भुईयां - 3
मन कुरैशी, दीपक साहू, एल्सा घोस, दिक्षा जयसवाल





ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# पेड़ों को बचाने शहर के युवाओं ने किया अनोखा प्रदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहर के जागरुक युवाओं ने अनोखा प्रदर्शन कर लोगों का ध्यान अपनी ओर आत्कृष्ट किया। शहर के गौरव पथ स्थित शीशम के जंगलों को बचाने के लिए पर्यावरण सरंक्षण का संदेश देते हुए युवाओं ने पेड़ों के सलामती के लिए महामृत्युंजय का जाप कर शासन-प्रशासन को सद्बुद्धि दिलाने यज्ञ किया है।

बता दें कि शहर में नालंदा परिसर बनाने हेतु रानी सागर के नीचे स्थित जंगलनुमा जगह के हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाई जा रही है। जिसका शहर के जागरुक युवाओं द्वारा विरोध किया जा रहा है। इस क्रम में उक्त युवाओं द्वारा गुरुवार को पर्यावरण प्रेम दर्शाते हुए यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया।

### युवाओं ने शीशम पेड़ में बांधा था रक्षासूत्र

बताते चले कि इसके पूर्व जब पेड़ों की कटाई प्रारंभ हुई तब प्रशासन द्वारा बबूल काटने की बात कही गई थी तब युवाओं ने शीशम के पेड़ों में जाकर रक्षासूत्र बांधा था। साथ ही पेड़ों की कटाई बन्द करने शासन-प्रशासन से माँग भी की थी। उक्त स्थान पर जब निर्माण कार्य के लिए रेत और मुरुम डंप किया गया तो युवाओं ने अनोखा प्रदर्शन कर पुनः पेड़ों के संरक्षण का संदेश दिया है। युवाओं का कहना है कि दिखावे का पर्यावरण प्रेम नहीं होना चाहिए। एक ओर तो पेड़ लगा कर तथा उसके सामने हाथ जोड़कर कर पर्यावरण प्रेम का दिखावा कर रहे हैं



विश्व पर्यावरण दिवस पर महामृत्युंजय जाप कर किया सद्बुद्धि यज्ञ

वहीं दूसरी और जंगल के हरे-भरे पेड़ों को काटा जा रहा है।

### जंगल के रुप में बड़ी संख्या में विद्यमान है पेड़

पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने बताया कि जिस जगह पर नालंदा परिसर बनाने की तैयारी की जा रही है, वह शहर का एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जहां इतने सारे वृक्ष एक स्थान पर जंगल के रूप में लगे है और इसी जगह को लेकर नगर निगम के सम्मानित सदन में उक्त स्थान पर बर्ड पार्क बनाने की कार्यवाही पारित की गई थी जिसके पश्चात शासन को राशि की स्वीकृत को लेकर प्रस्ताव भेजा जा चुका है अब पेड़ों की कटाई कर सदन के महत्व समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि सरकार पर्यावरण संरक्षण की बात करती है। पेड़ लगाने की बात करती है वही दूसरे हाथों से जंगलों में कुल्हाड़ी चलाने का काम करा रही है। पर्यावरण संरक्षण के लिए यज्ञ-हवन करने वाले युवा नेता राजा यादव एवं ऋषभ निर्मलकर का कहना है कि हम उस क्षेत्र के मूल निवासी है बचपन से वहां शीशम, इमली और अन्य वृक्षों की हरियाली देखी है जिसको अब खत्म करने का काम किया जा रहा है पर हम ऐसा नही होने देंगे।

### नालंदा परिसर वहीं बनाया जाए

पर्यावरण प्रेमी युवाओं का कहना है कि विधायक जी ने नालन्दा परिसर बनाने की जहाँ पूर्व में घोषणा की थी उसे वही बनाया जाए या फिर अन्य किसी सुविधायुक्त स्थान पर निर्माण हो, पेड़ों की कटाई कर हरियाली खत्म करना उचित नहीं है। वार्डवासी भी पेड़ काटे जाने के पक्ष ने नहीं है। उनका कहना है कि जितने पेड़ों का सफाया किया गया शासन-प्रशासन वहां पर दुगुने पेड़ लगाए। कार्यक्रम में हना राव मोहिते, उमा शंकर सारथी, अरुण वासनिक, दीपक यादव, धर्मेंद्र वासनिक, ईश्वर साहू, पवन नागवंशी, कृष्णा साहू, देव कुमार वासनिक, राम त्रिपाठी, संजू वर्मा एवं अन्य पर्यावरण प्रेमी जन उपस्थित थे।

## चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र में योग आयोग के अध्यक्ष द्वारा माँ के नाम वृक्षारोपण

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा, संस्कृति, संस्कार के लिए संकल्पित संस्था चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र विगत त्रालीस (43) वर्षो से बच्चों, युवाओं व महिलाओं के लिए कार्य करने वाली संस्था के नवीन परिसर चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र संगीत महाविद्यालय सांकरा राजनांदगांव में छग शासन के योग आयोग के अध्यक्ष



रूपनारायण सिन्हा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक वृक्ष माँ के नाम मौलश्री का पौधरोपण कर जगत कल्याण निमित पर्यावरण के संरक्षण के लिए हर व्यक्ति को जागरूक होना चाहिए। योग आयोग के अध्यक्ष ने एक संस्मरण सुनाते हुए बताया कि एक कार्यक्रम में गया हुआ था। उस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में छोटे से 'पीतल' का पौधा को खुर्सी में स्थान दिया था और अध्यक्षता के लिए 'बरगद' का छोटा पौधा को मंच में स्थान देकर वहाँ के आयोजक लोग पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य पर संदेश दिये। अध्यक्ष को संस्थान के संस्थापक डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया की विश्व प्रसिद्ध कथक नृत्य गुरू पद्मविभूषण पं. बिरजू महाराज द्वारा इस परिसर का भूमिपूजन किया गया है और पं. बिरजू महाराज राजनांदगांव के इस संस्था में चार बार आकर अखिल भारतीय कत्थक नृत्य कार्यशाला में प्रशिक्षण देकर प्रतिभाओं को तराशा है।

चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र संगीत महाविद्यालय मध्य भारत एवं छत्तीसगढ़ राज्य का राजा चक्रधर सिंह के नाम से प्रथम स्नातक संगीत महाविद्यालय है और इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से पैंतीस (35) वर्षो से मान्यता प्राप्त है। संस्था द्वारा ग्रामीण मजदूर, किसान, गरीब, परिवार के बच्चों के लिए ग्रीष्म कालीन निःशुल्क कला शिविर विगत तीस वर्षो से कर रही है। संस्था के आयोजनों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा अपनी कला प्रदर्शन किये है। वृक्षारोपण के अवसर पर संयासी आत्म चैतन्य बाल योगेश, संयासी आत्म प्रिया, संयासी तारिणी, श्रीमती सुधा गुप्ता, तुषार सिन्हा आदि उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी वेदांग पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्रीमती गीतांजलि ने दी।

## रिद्धि-सिद्धि कॉलोनी में 'एक शाम मास्टर जी के नाम' कार्यक्रम का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। रिद्धि-सिद्धि कॉलोनी फेस-3 के शेड गार्डन में राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध निबंधकार, कहानीकार, आलोचक पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी के 131वीं जयंती के उपलक्ष में 'एक शाम मास्टर जी के नाम' शीर्षक से साहित्यिक परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि डुरेंद्र साहू पार्षद, अध्यक्षता नरेश साहू अध्यक्ष रिद्धि-सिद्धि कॉलोनी फेस-3 एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. शंकर मुनि राय, प्रभात बक्शी, आत्माराम कोशा, डॉ. केके द्विवेदी एवं अमलेंदु हाजरा थे। इस कार्यक्रम में राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, सुरगी, मोखला, सोमानी के ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार उपस्थित थे। प्रथम सत्र में बक्शी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा 'बक्शी जी की कृति छत्तीसगढ़ की आत्मा' शीर्षक के अंतर्गत किया गया। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ. शंकर मुनि राय, प्रभात बक्शी, डॉ. केके द्विवेदी, आत्माराम कोशा एवं कुबेर साहू को आमंत्रित किया गया था।

सभी वक्ताओं ने बहुत ही सारगर्भित रूप में बक्शी जी की व्यक्तित्व के अनेक पहलुओं एवं उनके महत्वपूर्ण कृतित्व पर प्रकाश डाला एवं बक्शी जी के द्वारा साहित्यक योगदान की विस्तृत चर्चा की। साहित्यिक परिचर्चा के पश्चात आमंत्रित कवियों के द्वारा सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस काव्य गोष्ठी में डॉ. शंकर मुनि राय, डॉ. केके द्विवेदी, आत्माराम कोशा, डॉ. चंद्रशेखर शर्मा, कुबेर सिंह साहू, अनुराग सक्सेना, प्रभात बक्शी, राजकुमार चौधरी, ओम प्रकाश अंकुर, डोहर दास साहू, लखन साहू लहर, महेंद्र बघेल मधु, वीरेंद्र तिवारी वीरू, शैलेश गुप्ता, थंगेश्वर कुमार साहू 'मीत', श्रीमती सुषमा शुक्ला, अनंत शर्मा, अमलेंदु हाजरा एवं मान सिंह मौलिक ने काव्य पाठ करके कार्यक्रम को शिखर पर पहुंचाया तथाउपस्थित श्रोतागणों ने भरपूर तालियों के साथ कवियों का उत्साहवर्धन किया। इस काव्य गोष्ठी का बेहद प्रभावी एवं सरस संचालन युवा कवि थंगेश्वर कुमार साहू 'मीत' ने किया। उन्होंने अपने संचालन से आखिर तक जन समूह को बांधे रखा।

## झूठ की बुनियाद पर लागू कैशलेश ट्रीटमेंट योजना- रूपेश दुबे

### छग में बदहाल स्वास्थ्य सुविधा वहीं दम तोड़ती केंद्रीय योजना



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के झूठ पर प्रहार करते हुए कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं में भी भाजपा सरकार आम जनता के साथ जो धोखा कर रही है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। 5 मई से केंद्र सरकार द्वारा दुर्घटना में आहत व्यक्तियों के कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम लागू करने के एक माह बाद भी छ ग की जनता को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है जो आम जनता के साथ अन्याय है, वहीं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्रेय के लिए 23 मई से प्रदेश में कैशलैस ट्रीटमेंट स्कीम लागू होने का झूठ प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के साथ आम जनता को भी धोखा देने का काम किया है। सड़क दुर्घटना में मृत्यु दर को कम करने एवं तत्काल इलाज के लिए केंद्र सरकार ने कैशलैस ट्रीटमेंट स्कीम के अंतर्गत डेढ़ लाख रुपए या सात दिवस तक इलाज आयुष्मान योजना के अंतर्गत पंजीकृत अस्पतालों में लागू करने की बात कही है लेकिन यह महत्वपूर्ण जीवन रक्षक योजना को केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार कागजों ही में लागू कर वाहवाही लूट रही हैं क्योंकि अस्पतालों को भी यह पता नहीं की इस योजना के अंतर्गत हुए इलाज कैसे होगा या इलाज की क्लेम राशि कैसे प्राप्त होगी।

प्रवक्ता दुबे ने यह भी बताया कि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को हेड इंजरी, हड्डी फैक्चर, मल्टीपल इंजरी सहित अन्य गंभीर चोट आती हैं वैसी स्थिति में इन चोटों के का इलाज सिर्फ मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटलों में ही संभव है क्योंकि सरकारी अस्पतालों में ना तो न्यूरो सर्जन है और नहीं पर्याप्त मात्रा में चिकित्सक हैं विशेषकर हेड इंजरी के मरीज को एक से डेढ़ घंटे के बीच समुचित चिकित्सा आवश्यक होती है और ऐसी दशा में मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटलों के अलावा अन्य अस्पताल में ले जाने पर उन्हें रेफर करने पर ही घंटों समय लगते हैं जिसके चलते भी इस योजना का लाभ तात्कालिक रूप से मिलना संभव नहीं है ऐसी दशा में यह योजना छग में यह योजना झूठ की बुनियाद पर कागजों में लागू की गई है। इससे यह साबित होता है कि राज्य की भाजपा सरकार को आम जनता के हितों और स्वास्थ्य से कोई सरोकार न होकर के झूठ की बुनियाद पर सरकार चल रही यह सार्वजनिक हुआ है।

## पूर्व मंत्री अकबर ने छाबड़ा परिवार को बंधाया ढांढ़स



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश के पूर्व वन मंत्री व राजनांदगांव के पूर्व प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर बुधवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा के पिता सरदार गुरूचरण सिंग छाबड़ा के निधन पर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। पिछले दिनों स्व. छाबड़ा का निधन हो गया था। कल पूर्व मंत्री अकबर ने छाबड़ा परिवार के दीवानपारा स्थित निवास पहुंचकर कुलबीर छाबड़ा समेत परिवार के अन्य सदस्यों को ढांढस बंधाया। उन्होंने सांसारिक जीवन चक्र से जुड़े इस घटना को ईश्वर की मर्जी बताते परिवार को दुख सहने की कामना की। पूर्व मंत्री ने छाबड़ा से पिता के जीवनकाल की अविस्मरणीय यादों को लेकर भी जानकारी ली। स्व. छाबड़ा सिख समाज के अलावा गैर सिख समाज से सदैव जुड़े रहे। उनका आम लोगों से सीधा सारोकार रहा। इस दौरान प्रदेश सचिव प्रवीण मेश्राम व अन्य लोग उपस्थित थे।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्रं./ अविअ/प्रवा.-3/2025 राजनांदगांव, दिनांक 02/06/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेश कुमार रामटेके पिता बाबुराम रामटेके, निवासी बसंतपुर, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम कौरिनभाठा, पटवारी हल्का नंबर 38, खसरा नंबर 452/73 रकबा 0.0240 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 16/06/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 02/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
3-6-9
244-0 336-2
राजधानी
2-5-0
489-1 580-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## मंडी की समस्या एवं विकास कार्यो का अभिषेक सिंह ने अवलोकन किया



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह 5 जून की सुबह 7 बजे बसंतपुर स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण पहुंचे। जहां पर उन्होंने सब्जी मंडी, थोक फल मंडी, अनाज मंडी, व्यापारियों एवं उपस्थित कृषकों के साथ भेंट मुलाकात की तथा मंडी में विस्तार किए जाने वाले विकास कार्यों को देखा। इस अवसर पर मंडी समिति से अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

अभिषेक सिंह ने संबंधित समस्याओं का संज्ञान लेते हुए इसे जल्द ही ठीक करवाने का आश्वासन दिया। मंडी में डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से करोड़ों रुपए की सौगात मिलने पर मंडी सचिव एवं अधिकारियों ने अभिषेक सिंह को विकास कार्यों के स्थल निरीक्षण भी दिखाते हुए भवन निर्माण के आगामी उद्देश्यों को भी बताया। अभिषेक सिंह ने मंडी की सभी समस्याओं को बारीकी से देखा और जल्द ही ठीक करने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को भी देखा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, तरुण लहरवानी, मंडल अध्यक्ष सुमित भाटिया, गोलू गुप्ता, पार्षद राजा माखीजा, राजू डागा, संजय तेजवानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में प्रथम वर्ष प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष (प्रथम सेमेस्टर) बी.ए./बी.काम./बी.एस.सी.(गणित/बायो)/ बीसीए/डीसीए में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन फार्म प्रारंभ हो रहा है। जो भी विद्यार्थी स्नातक प्रथम वर्ष में दिग्विजय महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहते है। वे दिग्विजय महाविद्यालय के वेबसाइट https://digvijay.autonomous.co.in/applicationform.aspx के माध्यम से 6 से 15 जून तक ऑनलाईन आवेदन फार्म भरेंगे। प्रवेश के संबंध में विस्तृत अधिसूचना महाविद्यालय के वेबसाइट www.gdcr.ac.in में देखा जा सकता है। प्रथम मेरिट सूची दिनांक 17 जून को जारी हो सकती है। मेरिट सूची हेतु महाविद्यालय के सूचना पटल एवं वेबसाइट का www.gdcr.ac.in का अवलोकन करते रहे। मेरिट सूची में नाम आने पर निर्धारित तिथि तक विद्यार्थी ऑनलाईन फार्म की हार्ड कापी एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित महाविद्यालय में स्वयं उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

Email - eekhaira-phe@cg.gov.in

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र "ए" में प्रतिशत दर पर जल जीवन मिशन के रेट्रोफिटिंग/सिंगल नलजल प्रदाय योजनान्तर्गत निर्माण कार्यो हेतु निम्नलिखित ऑनलाईन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्र. | निविदा क्र./दिनांक सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 11/03.06.2025,169640 | विकासखण्ड छुईखदान के ग्राम रामपुर में _Retro। | 47.32 |
| 2 | 12/03.06.2025,169641 | विकासखण्ड छुईखदान के ग्राम श्यामपुर में _SVS। | 37.90 |
| 3 | 13/03.06.2025,169642 | विकासखण्ड खैरागढ़ के ग्राम सिवनी टिंगामाली एवं भरदाकला में _SVS। | 29.59 |
| 4 | 14/03.06.2025,169644 | विकासखण्ड छुईखदान के ग्राम उदान में _Retro। | 31.56 |
| 5 | 15/03.06.2025,169645 | विकासखण्ड छुईखदान के ग्राम मोहगांव में _SVS। | 9.54 |

नोट :- उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि की विस्तृत निविदा, विज्ञापित निविदा, दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यारमेंट वेब पोर्टल (http://eproc.cgstate.gov.in) से दिनांक- 05.06.2025 से देखा जा सकता है एवं दिनांक 23.06.2025 सायं 5.30 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

जी- 252601380/4

# एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत महापौर ने लगाया कदम का पौधा, पर्यावरण की रक्षा के लिए दिलाई शपथ

**विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम द्वारा आनंद वाटिका में वृक्षारोपण**
- विभिन्न प्रजाति के लगभग 7 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य
- पौधा लगा उसकी देख-भाल कर पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनने महापौर ने की अपील



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आनंद वाटिका में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां महापौर मधुसूदन यादव ने 'एक पेड़ मॉ के नाम' कदम का पौधा लगाकर पर्यावरण की रक्षा के लिए शपथ दिलाए। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ही आज पौधा नहीं लगाना है, बल्कि हर अच्छे दिन पौधे लगाकर उसकी रक्षा करनी है। 'एक पेड़ मॉ के नाम' लगाने का शासन का उद्देश्य हम सबको भावनात्मक रूप से जोडना है। चूंकि माँ के नाम पेड़ लगाएंगे तो उसकी रक्षा और कर्तव्य का बोध होगा और उसे हर साल बढ़ते हुए देखेंगे तो जीवन में खुशहाली आएगी और मॉ का आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमसे पहली पीढी ने जो पौधे लगाए है उसका फल हम आज पा रहे है, उसी प्रकार आज हम जो पौधे लगाऐंगे उसके लिए हमारी आने वाली पीढ़ी हमको धन्यवाद देगी।

महापौर श्री यादव ने कहा कि हमारा राजनांदगांव शहर हरा भरा रहे और पर्यावरण की दृष्टि से बेहतर हो, इस दिशा में हम सब मिलकर काम करेगे। उन्होंने नागरिकों एवं समाज सेवियों, महिला समूहों से आज के शुभ अवसर पर अपील की है कि अपने घर एवं आस पास तथा रिक्त भूमि में पौधे लगाए और उसकी देखभाल करें, क्योकि सभी के सहयोग से ही हम पर्यावरण संरक्षण कर सकते है। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न स्थानों में इस वर्ष लगभग 7 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, जो बिना जन भागीदारी के संभव नहीं है। अतः आप सब वृक्षारोपण में सहयोग कर पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बने। आनंद वाटिका में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में महापौर सहित निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री सावन वर्मा, शैकी बग्गा, राजा माखीजा, श्रीमती वर्षा सिन्हा, श्रीमती केवरा राय सहित शरद सिन्हा, विजय राय व गुरूमुखदास वाधवा, पार्षद प्रतिनिधि पंकज कुरंजेकर, कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके व संजय वर्मा, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम ने बरगद, पीपल, कदम, गुलमोहर, जामुनिया, मोहगनी एवं स्कोथोडिया प्रजाति के 42 पौधे रोपित किये।

पौधरोपण के पश्चात महापौर श्री यादव ने पर्यावरण की रक्षा के लिए पृथ्वी और उसके प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करने की कोशिश करने, सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री का उपयोग नही करने, प्लास्टिक बैग की जगह पेपर बैग और कपडे के बैग का इस्तेमाल करने, पर्यावरण की सफाई का ध्यान रखने, कम से कम कचरा करने, ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने तथा ऊर्जा और पानी का संरक्षण करने शपथ दिलाई।

## सांसद संतोष पाडे खैरा-रवेली में नवनिर्मित श्री भैरवी शक्ति धाम प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए



राजनांदगांव (दावा)। श्री भैरवीधाम जनकल्याण समिति खैरा-रवेली राजनांदगांव में पीठाधीश्वर गुरु मां सिमरन माई के तत्वाधान में नवनिर्मित श्री भैरवी शक्तिधाम तांत्रोत्रक शक्तिपीठ एवं साधना केंद्र प्राण प्रतिष्ठा समारोह देवी पूजन, प्राण प्रतिष्ठा भजन संध्या एवं महाप्रसादी में सांसद संतोष पांडे शामिल हुए। सांसद श्री पांडे ने श्री भैरवी शक्ति धाम पर पूजा अर्चना किया और क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्रवासियों के लिए यह शक्ति धाम होना गौरव की बात है। शक्ति की भक्ति उपासना से जीवन को धन्य बना देती है। सांसद संतोष पांडे ने पीठाधीश्वर गुरु मां सिमरन माई को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, जनपद पंचायत सीईओ मनीष साहू, मनोज साहू अध्यक्ष भाजपा मंडल पश्चिम, सरपंच प्रतिनिधि देवल साहू, पंचायत सचिव आशीष राजपूत एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## वृक्षारोपण को जन-जन का अभियान बनाएं-अभिषेक सिंह

**पर्यावरण दिवस पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने पौधे रोपे**



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने आज अपने तीन दिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव की प्रमुख समस्याओं से रूबरू हुए। दो दिनों तक लगातार उन्होंने शहर भ्रमण किया एवं गांव-गांव पहुंचे। आज तीसरे दिन 5 जून को पर्यावरण दिवस पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने पर्यावरण संबंधित सभी कार्यों का जायजा लिया और इस अवसर पर कृषि उपज मंडी राजनांदगांव एवं स्पीकर हाउस में वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प भी लिया। अभिषेक सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं को आव्हान करते हुए कहा कि हम सभी मिलकर हरित भविष्य के लिए वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाएं और पर्यावरण की रक्षा करें, ताकि आगामी आने वाली पीढ़ी सुरक्षित रह सके। इस दौरान वृक्षारोपण के कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष सुमित भटिया, गोलू गुप्ता, तरुण लहरवानी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## कमला कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस पर प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा किया ने पौधारोपण



राजनांदगांव (दावा)। 5 जून को शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के अध्यक्षता में महाविद्यालय परिसर में विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ तथा वृक्षारोपण के अन्तर्गत पंच अशोक वृक्ष का पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर विचार गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए संस्था प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने कहा एक पौधा लगाना तख्तियां पकड़ना, नारे लगाना, रैली निकालना ये सब निश्चित रूप से पर्यावरण संरक्षण की पहल मात्र है। हमें इस बात के प्रति सचेत होना चाहिए कि हम किस तरह के पर्यावरण का हिस्सा है? हमें प्रदूषण रहित धरा टिकाऊ बनाने का प्रयास करना चाहिए। डॉ. एचके गरचा प्राध्यापक ने कहा कि भोजन पानी, आश्रय और अन्य चीजों की हमारी जरूरत हमारे आस-पास के पर्यावरण पर निर्भर करती है। पर्यावरण और मनुष्य पौधों और जंतुओं के जीवन के बीच एक संतुलित, प्राकृतिक चक्र मौजूद होना चाहिए। डॉ. निवेदिता ए. लाल, प्राध्यापक ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम है 'प्लास्टिक प्रदुषण का अंत'।

इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है। हम सभी के द्वारा प्रकृति की रक्षा, प्रदूषण को कम करना और प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने की दिशा में सार्थक कदम उठाया जाये। प्लास्टिक का प्रयोग कम करें, पेड़ लगाएं, पानी बचाएं। डॉ. के.के. द्विवेदी सहायक प्राध्यापक ने कहा कि प्लास्टिक का उपयोग कम करना चाहिए। पानी का समझदारी से इस्तेमाल कर बर्बादी को रोकना चाहिए। घर-घर जल, मिट्टी, वायु के संवर्धन संरक्षण के लिए पंच वृक्ष लगायें तथा वॉटर हार्वेस्ट अनिवार्यतः करें। पर्यावरण संरक्षण के प्रतिदिन एक घण्टे काम करें। डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव प्राध्यापक ने कहा कि पर्यावरण को सुधारने हेतु जैसे कमला कॉलेज की छात्राओं तथा स्टाफ ने विगत वर्षों में अपने परिसर में वृक्षारोपण करके महाविद्यालय परिसर को हरा-भरा किया है तथा अपने घरों एवं गांव में भी हरियाली फैलाने में योगदान किया है। वैसा ही अनुसरण यदि प्रत्येक युवा छात्र-छात्राएं करें तो भारत ग्लोबल वार्मिंग से बच सकेगा। वृक्षारोपण एवं गोष्ठी में प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा, डॉ. एचके गरचा प्राध्यापक अंग्रेजी, डॉ. निवेदिता ए.लाल प्राध्यापक भूगोल, डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव प्राध्यापक गणित, डॉ. के.के. द्विवेदी, डॉ. बृजबाला उइके, एम.के. मेश्राम, आलोक जोशी, श्रीमती कामिनी देवांगन, रामकुमार देवांगन, रेवती रमन साहू, इसरोन किण्डो, जावेद सिद्धिकी, गोविंद, धनेश कुमार पटेल आदि उपस्थित रहे। महाविद्यालय परिसर में अमलतास, आम, करंज, अमृता, शहतुत, निंगुण्डि आदि पौधे भी रोपित किये गये। गोष्ठी का संचालन आलोक जोशी ने किया।

## नेशनल कन्सलटेशन में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी मनीषा श्रीवास्तव



**दिल्ली इंटरनेशनल सेंटर में दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा दो दिवसीय कन्सलटेशन का आयोजन**

राजनांदगांव (दावा)। दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा दिल्ली इंटरनेशनल सेंटर, दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कन्सलटेशन में किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य श्रीमती मनीषा श्रीवास्तव छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी।

दिल्ली विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा दिल्ली इंटरनेशनल सेंटर में 6 और 7 जून को दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर पर परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें देशभर से प्रत्येक राज्य से किशोर न्याय बोर्ड के एक-एक सदस्य को आमंत्रित किया गया है।

उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने हेतु शासन द्वारा किशोर न्याय बोर्ड राजनांदगांव की सदस्य श्रीमती मनीषा श्रीवास्तव को नामित किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कन्सलटेशन में मुख्य रूप से किशोर न्याय अधिनियम अंतर्गत विभिन्न प्रावधानों, बाल संरक्षण, बाल अधिकार आदि पर चर्चा और परामर्श किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में देशभर के किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों सहित राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर के स्वास्थ्य मेले में दाई-बबा दिवस का हुआ आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के लिए शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीपुर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य मेले में दाई-बबा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर मधुसुदन यादव, स्वास्थ्य विभाग के चेयरमैन शैकी बग्गा, वार्ड पार्षद कमलेश बन्धे, पार्षद मनोहर यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन उपस्थित थे। महापौर मधुसुदन यादव ने कहा कि दाई-बबा दिवस का मुख्य उद्देश्य समुदाय स्तर पर बुजुर्गों के सम्मान एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करना हैं। दाई-बबा दिवस का थीम हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर रखी गई हैं। उन्होंने कहा कि सीएचओ, महिला एवं पुरूष स्वास्थ्य संयोजक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिन बच्चों को दादा-दादी या नाना-नानी को स्वास्थ्य मेले में लाने के लिए प्रेरित करें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य और बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के लिए प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बुधवार को आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेले में दाई-बबा दिवस का आयोजन किया गया। जिले में कुल 7454 बुजुर्गों का रक्तचाप, रक्तशर्करा, मोतियाबिंद व अन्य स्वास्थ्य की जांच, मानसिक स्वास्थ्य व संज्ञानात्मक परीक्षण किया गया।

साथ ही कुल 234 आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनाया गया। प्रत्येक बुजुर्ग के लिए स्वास्थ्य कार्ड, जिसमें उनकी जांच रिपोर्ट, बीएमआई व सुझाव दर्ज किये गये। जिन बुजुर्गों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं हैं, उनका कार्ड बनवाया गया। इस अवसर पर डॉ. विकास राठौर, डॉ. पूजा मेश्राम, डॉ. शैलेष जोशी, डॉ. दीपान्शु शर्मा, शहरी सुपरवाईजर कौशल शर्मा, पंकज झा, श्रीमती नूतन साहू, श्रीमती मंजू साहू, अरविंद वर्मा, नेतराम मंडावी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी व वरिष्ठ नागरीकगण उपस्थित थे।

## भाजपा द्वारा 2 मंडलों की कार्यकारिणी की घोषणा

**जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कार्यकारिणी की घोषणा की**

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने आज दो मंडलों की कार्यकारिणी की घोषणा की है।

अर्जुनी मंडल से अध्यक्ष भुवन लाल साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला सोनकर, कुलेश्वर निषाद, मामेश साहू, श्रीमती दीपक पटेल, महामंत्री दिनेश कुमार साहू, अजय वैष्णव, मंत्री मनोज कुमार साहू, भानु सोनी, श्रीमती रेश्मा साहू, संजू देवदास, कोषाध्यक्ष विजय जैन, सह-कोषाध्यक्ष श्रीमती लीला बाई साहू, मीडिया प्रभारी दुर्गेश सिन्हा, सोशल मीडिया प्रभारी लिकेश कुमार साहू, कार्यालय प्रभारी भैयालाल साहू को बनाया गया है।

मुसरा-मुरमुंदा मंडल से अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण वर्मा, उपाध्यक्ष तिजउ वर्मा, रोशन साहू, श्रीमती मीराबाई साहू, श्रीमती देवीका ठाकुर महामंत्री टामेश्वर साहू, रामचरण वर्मा मंत्री अमित कुमार देशमुख, धर्मेन्द्र वर्मा, श्रीमती रंजीता बंजारे, श्रीमती सीमा साहू, कोषाध्यक्ष कंवल निर्मलकर, सह-कोषाध्यक्ष टुम्मन वर्मा, मीडिया प्रभारी विनम साहू, सोशल मीडिया प्रभारी बजरंग साहू, कार्यालय प्रभारी बली साहू को बनाया गया है।

जिला भाजपा के महामंत्री सौरभ कोठारी, राजेंद्र गोलछा एवं रविंद्र वैष्णव ने दोनों मंडलों के पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा की है कि सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारणी सदस्य, मोदी सरकार एवं विष्णुदेव साय की जन कल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे।

## इंडियन डेंटल एसो. द्वारा ठाकुर प्यारेलाल स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में इंडियन डेंटल एसोसिएशन राजनांदगांव शाखा द्वारा नगर के ठाकुर प्यारेलाल स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के महापौर मधुसूदन यादव, वार्ड पार्षद संतोष पिल्ले एवं प्राचार्य भूषण साव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व आईडीए अध्यक्ष डॉ. मनुप्रीत कौर और सचिव डॉ. नुपुर सरकार द्वारा किया गया। इस पर्यावरणीय पहल का उद्देश्य स्वच्छ, हरित और स्वस्थ समाज की दिशा में जनभागीदारी को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की थीम 'डेंटल वे टू एनवायरनमेंट' रही। जिसमें यह संदेश दिया गया कि जैसे हम दांतों और मौखिक स्वच्छता पर ध्यान देते हैं। वैसे ही हमें पर्यावरण की स्वच्छता और संतुलन की ओर भी सजग रहना चाहिए। वृक्ष जहां ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। वहीं वे वायुमंडल से हानिकारक गैसों और वाष्पों को अवशोषित कर वातावरण को शुद्ध करते हैं। इस आयोजन में मीडिया समन्वय में सहयोग डॉ. जय टांक, आईडीए राजनांदगांव शाखा का भी योगदान रहा। कार्यक्रम में आईडीए सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन पर सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और यह संदेश दिया कि स्वच्छता, हरियाली और स्वास्थ्य तीनों एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं।

## पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से महाराष्ट्र निर्मित 'विलिका संत्री' शराब की जप्त



**घेराबंदी कर पकड़े गए दो आरोपी**

**शराब परिवहन में उपयोग आने वाला मोटर सायकल भी बरामद**

राजनांदगांव (दावा)। गैंदाटोला पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन करने वाले आरोपियो को धर दबोचा है। पुलिस ने उनके पास से महाराष्ट्र निर्मित विलिका संत्री शराब व दो सफेद रंग की प्लास्टिक बोरियों में रखे हुए (दो पेटी) 23 नग टूटा हुआ एवं 73 नग सीसी सीलबंद कुल 13140 मिली लीटर कीमती 5110 रूपए एवं घटना में प्रयुक्त एक नग पैशन-प्रो मोटर साइकिल को जब्त किया है। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर जेल दाखिल कर दिया है।

गैंदाटोला थाना क्षेत्र में आपराधिक तत्वों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस तारतम्य में 4 जून की संध्या देहात भ्रमण करते समय मुखबीर से सूचना मिली कि थाना गैंदाटोला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टिपानगढ़ तरफ से छोटे मासूल की ओर दो व्यक्ति अपने मोटर साइकिल पैशन-प्रो वाहन क्रमांक सीजी 08 जे 4338 में अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए परिवहन कर रहे हैं।

पुलिस ने उक्त सूचना पर तस्दीक हेतु ग्राम से दो स्वतंत्र गवाहों के साथ मुखबिर के बताए हुलिया के दो व्यक्तियों को ग्राम छोटे मासुल पुलिया के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। दोनों संदेहियों से उनका नाम पता पूछने पर अपना नाम क्रमशः भगवान दास निषाद पिता हिरउ निषाद उम्र 32 वर्ष एवं गोकुल कंवर पिता लक्ष्मण कंवर उम्र 30 वर्ष दोनों निवासी ग्राम मातेखेड़ा थाना गैंदाटोला का होना बताया गया। जिस पर दोनों अभियुक्तों को शराब परिवहन एवं बिक्री हेतु वैद्य दस्तावेज पेश करने पृथक-पृथक नोटिस दिया जाने पर कोई वैद्य दस्तावेज नहीं होना बताने पर अभियुक्तों के कब्जे से उक्त शराब और मोटर सायकल जब्त किया गया।

## हत्या का आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। छुईखदान के शराब दुकान स्थित चखना दुकान में एक व्यक्ति से मारपीट कर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस के अनुसार एक जून को शासकीय ठेका चखना दुकान में दुकान बंद होने के बाद अहाता में मृतक जाहिद खान के सोने और घर नहीं जाने की बात पर गाली-गलौज करने से चखना दुकान के राकेश जायसवाल ने हाथ-मुक्का एवं बांस के डंडा से जाहि खान को मारपीट किया था। जिससे 2 जून को जाहिद खान की छुईखदन अस्पताल में मौत हो गई।

## चोरी की मोटर साइकिल के साथ विधि से संघर्षरत बालक गिरफ्तार

**मोटर सायकल किया जप्त, नाबालिक को भेजा गया बाल संप्रेक्षण गृह**

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में मोटर सायकल चोरी करने वाले बाल चोर को हिरासत में लिया है और उसके पास से चोरी की मोटर साइकिल जब्त कर उसे बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अवनिश कुमार श्रीवास ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु. अधि. डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन एवं स्वयं उनके नेतृत्व में थाना डोंगरगांव क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों गतिविधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

गत 1 मई को प्रार्थी दिलेश्वर साहू पिता सीजराम निवासी चिचदो ग्राम की मोटर साइकिल बीजी 08 ए एक्स 5813 को कोई अज्ञात व्यक्ति घर के सामने से चोरी कर लिया गया है। इस रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध विवेचना में लिया गया मौके का सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी के पता तलाश हेतु मुखबीर तैनात किया गया, जिसकी सूचना पर 5 जून को चोरी की उक्त मोटरसाइकिल विधि से संघर्षरत बालक से बरामद किया गया। पूछताछ किए जाने पर उसके द्वारा मोटर सायकल को प्रार्थी के घर से चोरी करना स्वीकार किया। इस पर विधि से संघर्षरत बालक को विधिवत कार्यवाही पश्चात किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया गया हैं जिसे बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया।

## सीसीपीएल के उद्घाटन समारोह में प्रस्तुति देंगी बॉलीवुड गायिका शाल्मली खोलगड़े



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सी.सी.पी.एल.) के द्वितीय संस्करण का आयोजन 06 से 15 जून तक शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नवा रायपुर में किया जा रहा है। लीग का उद्घाटन मैच 06 जून को गत विजेता रायपुर रायनोज एवं बिलासपुर बुल्स के मध्य रात्रि 9 बजे से खेला जायेगा।

छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सी.सी.पी.एल.) का उद्घाटन समारोह 06 जून को संध्या 7 बजे से आयोजित किया जाएगा। समारोह में बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका शाल्मली खोलगडे अपनी प्रस्तुति देंगी। शाल्मली द्वारा गाये गये प्रमुख गाने मै परेशां, बलम पीचकारी, शुद्ध देशी रोमांस, लत लग गयी, शनिवार रात्रि आदि प्रसिद्ध है। इसके अतिरिक्त अन्य रंगारंग कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। दर्शकों की सुविधा हेतु 06 जून से 15 जून 2025 तक घडी चौक मल्टीलेवल पार्किंग से शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम तक निःशुल्क बसें उपलब्ध रहेंगीं। दर्शक इस सुविधा का उपयोग मैच देखने हेतु स्टेडियम जाने तथा वापस आने हेतु कर सकते है।

# अनमोल दावा

> जीवन में वक्त से ज्यादा अपना व पराया कोई नहीं होता वक्त अच्छा हो तो पराये भी अपने और वक्त खराब हो तो अपने भी पराये।

## सम्पादकीय

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का सनकी रवैया
## भारत को अपनी नीति बदलनी होगी

आतंकवाद को नेस्तनाबुद करने ''आपरेशन सिंदूर'' शत प्रतिशत सफल हुआ। इसमें पाकिस्तान की भद को पूरी दुनिया ने जाना। इसके बावजूद पाकिस्तान का घमण्ड चालू ही है। पाक प्रेरित आतंकवाद और सेना का पाक नेतृत्व पर हाबी होना यह अब छिपी बात नहीं है। भारत जैसे शक्तिशाली देश के लिए पाकिस्तान कोई चुनौती नहीं है। आतंकवाद उसकी विदेश नीति में शामिल है। चकित करने वाली बात यह कि इसके बावजुद, अमेरिका और चीन और अब तुर्की पाकिस्तान को सहयोग करने में सामने आते दिखाई दिए हैं। इसी के साथ, विश्व के अन्य देशों का भी विचित्र रवैया है। भयभीत चीन भारत को सशक्त होते देखना नहीं चाहता। चीन को आंशका है कि भारत शक्तिशाली होते ही अपनी जमीन वापस लेने का काम करेगा। भारत के एक बड़े क्षेत्र में अनेक वर्षो से चीन ने अवैध कब्जा किया हुआ है। अगर, ऐसा हुआ तो चीन की अनेक योजनाएं असफल हो जाएगी।

उधर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का रवैया भी आश्चर्य से कम नहीं है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिका गए थे। वहां उन्होंने ट्रम्प के चुनाव प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। भारतीय मूल के लोगों ने भी ट्रम्प का समर्थन किया था। विश्व में भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है। एक बहुसंख्यक जनता रखने वाले भारत के बाजार का अपना महत्व है। इस कारण, अमेरिका सहित अन्य देश भी भारत के महत्व को बखूबी समझते हैं। वैश्विक परिदृश्य में पर्यावरण, व्यापार और शांति स्थापित करने में भी भारत की अग्रणीय भूमिका रहती है। आजादी के बाद से ही भारत की सभी सरकारें हमेशा संवादित, कूटनीतिक, सूचना व्यवहार और शान्ति की पक्षधर रही है। किसी भी अंतर्राष्ट्रीय संगठन की सफलता भी भारत पर निर्भर करती है।

परन्तु, ऐसा खुशनुमा व सभी तरह से अनुकूल होने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत को केन्द्र में रख अलग-अलग बयानबाजी कर रहे हैं। उनके अजीबोगरीब निर्णय भी भारत को बेचैन कर रहे हैं। अमेरिका में दूसरी मर्तबे राष्ट्रपति चुने गए डोनाल्ड ट्रम्प अच्छी तरह से बखूबी जानते हैं कि उनके प्रत्येक बयान भारत की राजनीति में हलन चलन पैदा करेंगे। नि:संदेह भारतीय राजनीति में उनके बयानों का सीधा असर हो रहा है। उन्होंने भारत के साथ व्यापार बंद करने की भी धमकी दे डाली। बकौल ट्रम्प उनके कहने से ही भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम हुआ था। इससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी परेशान तो होते ही हैं।

अमेरिका का रवैया स्पष्ट है कि भारत को अब अपने बलबूते ही अपनी लड़ाई खुद लड़नी होगी पूरी दुनिया में तेजी से बदलाव दिखाई दे रहा है। एक ओर अमेरिका सहित अन्य युरोपियन देशों में रहने वाले भारतीयों की शक्ति और क्षमता में वृद्धि हो रही है, जिसका प्रत्येक देश उपयोग कर रहा है। भारत शक्तिशाली देशों को भी आईना दिखाने में सफल हुआ है। वैश्विक व्यापार को नकारना अब यह असंभव है।

# गिद्ध नजर औरतों के गहनों पर

**नसीम अंसारी कोचर**

घर पर कोई आर्थिक मुसीबत आने पर पुरुष जब स्त्री से उस के गहने मांगता है तो वह क्षण स्त्री के लिए बड़ा कष्टकारी होता है पर यह आश्वासन मिलने पर कि उस के गहने सिर्फ गिरवी रखे जाएंगे और अगली फसल पर पैसा आने, तनख्वाह मिलने या अन्य किसी स्रोत से पैसे जमा होने पर छुड़वा लेंगे तो स्त्री अपने गहने देने को तैयार हो जाती है. औरतों को महाजनों पर भरोसा कम होता है क्योंकि वे उन की चालाकी समझती हैं जैसे बिरजू सुखी लाला की चालाकी समझता था पर अपनी मां के हाथों मारा गया. महाजन के पास गहने गिरवी रखने के बाद हर महीने उस का सूद चुकाना पड़ता था. कई बार ऐसा होता कि गांवदेहातों में अगली फसल खराब हो जाने पर, सूखा पड़ने या बाढ़ में फसल नष्ट होने पर यदि किसान सूद नहीं दे पाता था तो उस की जमीन या सोना महाजन हड़प जाता था. ऐसे में अधिकांश लोग गिरवी रखे अपने गहने और जमीन गंवा ही देते थे. आज भी दूरदराज के गांवों में सूदखोर महाजन बैठे हैं. कई तो ऐसे हैं जो 12 से 24 फीसदी ब्याज पर जरूरतमंद व्यक्ति का सोना अपने पास गिरवी रखते हैं और फिर उस सोने को बैंक में 9 फीसदी ब्याज पर रख कर गोल्ड लोन उठा लेते हैं. यानी 3 से 15 फीसदी का मुनाफा कमाते हैं. हालांकि अब ज्यादातर महाजनों और अमीर किसानों की जगह सरकारी व गैरसरकारी बैंकों, कोऑपरेटिव सोसाइटियों, नौन बैंकिंग फाइनैंस कंपनियों ने ले ली है. जो पहले तो खूब मीठीमीठी लुभावनी बातें कर के लोगों को उन के सोने के जेवर गिरवी रख कर लोन लेने के लिए रिझाते हैं और जरा सी गलती होने या किस्त चुकाने में देरी होने पर सोना हड़प कर जाते हैं. औरतें सरकार और एयरकंडीशंड दफ्तरों में खुली गोल्ड लोन की दुकानों पर आसानी से भरोसा कर लेती हैं. वहां महाजन से ज्यादा खातिर की जाती है. मनचाही चायकौफी पिलाई जाती है. ''अपनों जैसा'' व्यवहार गोल्ड दे कर लोन लेते समय किया जाता है. आजकल गोल्ड लोन के इस तरह के इश्तिहारों से अखबारों के पन्ने रंगे नजर आ रहे हैं, टीवी चैनलों पर गोल्ड लोन के विज्ञापन छाए हुए हैं, सड़कों पर बड़ीबड़ी होर्डिंग्स में सस्ते गोल्ड लोन का लालच परोसा जा रहा है. दुकानों, बाजारों, बसअड्डों, मैट्रो स्टेशनों, रेलवे स्टेशनों और हवाई अड्डों पर गोल्ड लोन, गोल्ड लोन की चीखचील्लाहट मची है.

बौलीवुड के नामीगिरामी ऐक्टर गोल्ड लोन का प्रचार करते नजर आ रहे हैं. अक्षय कुमार मणप्पुरम गोल्ड लोन का प्रचार करते हुए कहते हैं, ''आप के पास सोने की ताकत है तो पर्सनल या बिजनैस लोन क्यों लें, अपने सोने के बदले मिनटों में लोन पाएं.'' फिर वे कहते हैं, ''अपने सोने के आभूषण गिरवी रख कर तुरंत नकद प्राप्त करें. गोल्ड लोन सब को मिलेगा अब घर बैठे.'' विज्ञापन कुछ ऐसे रिझाते हैं कि ग्राहक को अपने हाथपैर हिलाने की भी जरूरत नहीं है. कंपनी खुद उस के घर पर आ कर उसे नकद पैसे दे जाएगी. आखिर कंपनी या बैंक इतने उदार हृदय के क्यों हो रहे हैं?

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन मुथूट फाइनैंस से गोल्ड लोन लेने के लिए लोगों को उकसा रहे हैं. विज्ञापनों में वे कहते हैं, 'हाथी (मुथूट का लोगो) पर भरोसा करोगे तो पक्का जीतोगे.' वे कहते हैं, 'जब अपनों का साथ हो तभी होता है शुभारंभ. इसीलिए सिर्फ मुथूट फाइनैंस सदियों से देता आ रहा है हर नई शुरुआत में अपनों जैसा भरोसा.' चायकौफी भी मनपसंद की मिलेगी. यानी अमिताभ बच्चन कंपनी की तरफ ग्राहक का भरोसा जगा रहे हैं. मुथूट के लिए शाहरुख खान भी प्रचार कर रहे हैं, कह रहे हैं, 'बुक माई गोल्ड लोन. फर्स्ट टाइम इन इंडिया.' एक अन्य विज्ञापन कहता है, 'पर्सनल लोन के मुकाबले गोल्ड लोन लेना ज्यादा आसान.' आखिर एकाएक ऐसा क्या हो गया कि दुनियाभर के बैंक और कंपनियों की नजरें आप की अलमारी में रखे जेवरों पर गड़ गई हैं? जिन जेवरों को औरतें पीढ़ीदरपीढ़ी सहेजती आ रही हैं, जिन जेवरों से उन के खानदान की पहचान है, उस का गर्व है, जिन गहनों से उन का गहरा भावनात्मक जुड़ाव है, तमाम कंपनियां और बैंक उन्हें आप की अलमारी और लौकर से क्यों निकाल लेने पर उतारू हैं ? दरअसल, जिस तेजी से सोने के दाम बढ़ रहे हैं उस को देखते हुए ही आज दुनियाभर के सरकारी और गैरसरकारी बैंक, साहूकार, कोऑपरेटिव गोल्ड लोन के क्षेत्र में उतर आए हैं. माना जा रहा है कि 6 माह बीततेबीतते सोना डेढ़ लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है. लिहाजा, इस समय पूरी कोशिश इस बात की हो रही है कि किसी तरह भारत की गृहिणी से उस का वह सोना बाहर निकलवाया जाए जो उस ने बरसों की मेहनत से जोड़जोड़ कर एकएक गहने के रूप में संजोया हुआ है.

**औरतों के गहनों पर नजर मुथूट ग्रुप के संयुक्त प्रबंध निदेशक**

अलेक्जेंडर जौर्ज मुथूट कहते हैं, 'भारत में घरेलू आभूषणों के रूप में +25,000 टन सोना उपलब्ध है और इस का 5 फीसदी से भी कम सोने के ऋण के माध्यम से मुद्रीकृत किया जाता है. विकास की गुंजाइश बहुत अधिक है. मुझे विश्वास है कि हमारी नई गोल्ड लोन श्रेणी हमारी आर्थिक स्थिति को और मजबूत करेगी.' असल में यह सोना देश को नहीं, कंपनियों को और खर्चीली सरकार को मजबूत कर रहा है. असली सोना तो मंदिरों में भरा है पर किसी की हिम्मत है कि कहे कि सरकार इसे छीन ले. वक्फ एक्ट समर्थन करने वालों के मुंह पर मंदिरों के सोने के भंडार पर सोने के ताले लगे हैं. रुद्र प्रताप एक छोटा सा अखबार निकालते हैं. उन की पत्नी एक छोटी सरकारी नौकरी में है. दोनों के 3 बच्चे हैं. 2 बेटियां और एक बेटा. रुद्र को उन के अखबार में कभीकभार ही विज्ञापन मिलते हैं जिस से अखबार का संचालन होता है. घर पत्नी की सैलरी से चलता है. फिर भी तीनों बच्चों की शादियां उन्होंने खूब धूमधाम से कीं. वह इस कारण क्योंकि रुद्र प्रताप के पास उन के खानदान का पुराना सोना काफी मात्रा में था. 3 बच्चों की शादियां उन्होंने उसी सोने के कुछ हिस्से को बेच कर कीं. सोने के बढ़ते दामों पर बातचीत करते हुए रुद्र बताते हैं कि जब उन्होंने 2009 में बड़ी बेटी की शादी की थी उस वक्त सोना करीब 15,000 रुपए प्रति 10 ग्राम था. 5 साल बाद जब दूसरी बेटी की शादी की तब सोने की कीमत दोगुनी हो गई यानी करीब 30,000 रुपए प्रति 10 ग्राम और एक साल पहले जब उन्होंने बेटे की शादी की तो सोने का दाम 60,000 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया था जो अब 1 साल 2 महीने में बढ़ कर 1 लाख के करीब प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है. सोने के दाम हर दिन ऊपर चढ़ रहे हैं. अब तो धीरे-धीरे चांदी के दामों में भी वृद्धि हो रही है. चांदी का इस्तेमाल अनेक प्रकार के गैजेट्स बनाने में भी होता है. चीन में चांदी की काफी खपत है. हैरानी नहीं होनी चाहिए यदि कुछ ही दिनों में सिल्वर लोन का शोर भी कानों में पड़ने लगे और महिलाओं के चांदी के गहने भी अलमारियों से निकल कर बैंकों में जमा हो जाएं. वर्तमान समय में लोगों के जीवन स्तर और पैसा खर्च करने की प्रवृत्ति में बेतहाशा वृद्धि हुई है. कोरोना महामारी के बाद तो लोगों का जैसे जीवन पर से भरोसा ही उठ गया है. पता नहीं कब मौत आ जाए तो जितनी ख्वाहिशें हैं उन्हें अभी पूरी कर लो. बुढ़ापे के लिए बचा के रखने का कोई फायदा नहीं है. कुछ ऐसी मानसिकता लोगों पर हावी हो गई है. बाजार ने भी इस मानसिकता को पकड़ लिया है और उस ने ऐश से जीवन जीने के लालच को बढ़ाया है. अब 18 साल का होने पर एक किशोर अपने मां-बाप से साइकिल नहीं, सीधे बाइक की फरमाइश करता है. अमीर घर का हो तो सीधे कार की डिमांड होती है. मांबाप भी उसे बाइक या कार दिलाने में नानुकुर नहीं करते. आईफोन, कंप्यूटर, टेबलेट आदि सब तो अब आम हैं. स्मार्टफोन अब सिर्फ शौक नहीं रहा बल्कि हर आदमी की जरूरत बन गया है. यहां तक कि बच्चों की भी. ऐसे में पुरुष अपनी सूखी सैलरी से परिवार की इच्छाएं पूरी नहीं कर सकता. जब वह गोल्ड लोन के बारे में सुनता है तो वह सोचता है कि बीवी के गहने जो बरसों से लौकर में पड़े हैं उन को बैंक में गिरवी रख कर लोन ही ले लो और किस्त चुकाते हुए एक निश्चित समयसीमा के बाद गहने वापस पा लो. बैंक भी गोल्ड लोन के लिए बड़ी आकर्षक बातें कर के ग्राहक को लुभाते हैं, मगर असलियत तब खुलती है जब ब्याज के पैसों के साथसाथ व्यक्ति बीवी के गहने भी गंवा देता है.

**नियम व शर्तों की पेचीदगियां**

दरअसल गोल्ड लोन लेने की बातें जितनी सहज और आकर्षक लगती हैं, असलियत में वे उतनी ही भ्रामक, उलझी हुई और धोखाधड़ी से भरी हुई हैं. कोई भी बैंक या उस का एजेंट ग्राहक को पूरी बातें या असलियत नहीं बताता है. आधीअधूरी जानकारी दे कर ग्राहक का सोना गिरवी रखवा लिया जाता है और बाद में जरा सी गलती होने पर बैंक ग्राहक का पूरा सोना हड़प कर जाता है. यानी पुरखों की सारी जमापूंजी और एक गृहिणी की संपत्ति एक झटके में हाथ से निकल जाती है. जब आप बैंक के खिलाफ ऐक्शन लेने की बात सोचते हैं तो बैंक कहता है कि आप ने खुद सारे टर्म्स एंड कंडीशन पर हस्ताक्षर किए हुए हैं. जब आप गोल्ड लोन लेने के लिए किसी बैंक में जाते हैं तो वे आप के सामने 12 से 15 पेज के दस्तावेज रख देते हैं जो इंग्लिश में होते हैं और उन में जो कुछ बड़ी घुमावदार भाषा में लिखा होता है उसे उच्च इंग्लिश शिक्षा प्राप्त व्यक्ति भी ठीक से समझ नहीं पाता. सो, एक कम शिक्षित आम व्यक्ति के लिए उस दस्तावेज को पढ़नासमझना कितना मुश्किल है, इसे आसानी से समझा जा सकता है. आम आदमी तो उस एजेंट की बातों को ही सत्य समझ कर उस के द्वारा दिए दस्तावेज पर उनउन जगहों पर हस्ताक्षर करता चला जाता है जहांजहां वह करने को कहता है. व्यक्ति को लगता है कि बैंक कितना उदार है जो इतनी आसानी से मुझे लोन दे रहा है, बैंक का एजेंट खुद चल कर घर तक आया है, खुद सारा फौर्म भर रहा है पर उस को झटका तब लगता है जब सोना वापस करने का समय आने पर बैंक उसे उस की कोई न कोई गलती बता कर उस का सारा सोना हड़प कर जाता है.

**क्या हो जब कर्ज न चुके**

दरअसल प्रचार की आकर्षक बातों को किनारे रख कर यदि गोल्ड लोन की शर्तों पर ध्यान दें तो यहां भी कर्ज वाला नियम ही लागू होता है और इस नियम के अनुसार यदि आप समय से कर्ज नहीं चुका पाते हैं तो वित्तीय संस्थान को आप का सोना बेचने का हक है. लोन चुकाने में देरी होने पर बैंक सोने की नीलामी कर सकता है. इस के लिए आएदिन अखबार के किसी कोने में छोटेछोटे अक्षरों में नीलामी की खबर दिखती होगी. आमतौर पर लोग इन खबरों को नहीं पढ़ते जिन में अमुक व्यक्ति का नाम, एड्रैस वगैरह लिखा जाता है कि चूंकि अमुक व्यक्ति ने लोन की किस्त समय से नहीं चुकाई, लिहाजा, तय शर्तों के अनुसार बैंक उस के सोने की नीलामी कर रहा है. कई बार तो ग्राहक को पता तक नहीं चलता और उस का सारा सोना नीलाम कर दिया जाता है. लोन चुकाने में देरी होने पर आप का क्रैडिट स्कोर भी खराब हो जाता है और भविष्य में किसी अन्य प्रकार का लोन लेने में दिक्कत आती है. ये तमाम बातें कोई भी बैंक या बैंक का एजेंट ग्राहक को उस वक्त नहीं बताता है जिस वक्त वह उस को गोल्ड लोन के फायदे गिनवाते हुए फौर्म भरवा रहा होता है. बैंक या बैंक का एजेंट गोल्ड लोन लेने वाले को यह भी नहीं बताता कि यदि सोने का भाव गिरता है तो आप को अतिरिक्त सोना गिरवी रखने के लिए भी कहा जा सकता है. सोने की कीमत में गिरावट आने पर बैंक ज्यादा सिक्योरिटी भी मांग सकता है या लोन की रकम कम कर सकता है. ऐसी अनेक बातें हैं जो 15 पेज के इंग्लिश में लिखे एग्रीमेंट फौर्म में घुमाफिरा कर लिखी होती हैं और उन पर वे आप के हस्ताक्षर ले लेते हैं कि आप को उन की सारी शर्तें मंजूर हैं.

आप बिना फौर्म को पढ़े आंख मूंद कर हस्ताक्षर करते चले जाते हैं. यह बात साफतौर पर समझ लेनी चाहिए कि गोल्ड लोन का समय पर भुगतान करना बेहद जरूरी है. यदि आप समय पर भुगतान नहीं कर पाते तो लोन देने वाली संस्था आप के सोने को बेचने का अधिकार रखती है. सामान्यतया बैंक 3 महीने से 3 साल तक के लिए लोन देते हैं जबकि नौन बैंकिंग फाइनैंस कंपनी में यह अवधि अलग हो सकती है. इसलिए पहले से तय कर लें कि आप किस अवधि में लोन चुका सकते हैं और अपनी योजना के अनुसार ही लोन लें.

एक बात और समझ लेनी चाहिए कि आप जितना सोना गिरवी रख रहे हैं उस का 75 फीसदी ही आप को लोन मिलेगा. यदि आप के जेवरों की कीमत एक लाख रुपए है तो आप को सिर्फ 75,000 रुपए ही लोन के रूप में मिलेंगे. सोने के बदले कर्ज लेने की दूसरी शर्त यह है कि जिस गोल्ड को आप गिरवी रख रहे हैं, वह कम से कम 18 कैरेट शुद्ध होना चाहिए.

सोने की शुद्धता की जांच बैंक खुद करता है मगर यह जांच वह आप के सामने नहीं करता. आम आदमी उस समय ज्यादा चूंचूं नहीं करता क्योंकि उस से कहा जाता है कि लोन चुकता करने के बाद यही जेवर उसे वापस मिल जाएंगे. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 9 फीसदी से शुरू होने वाली ब्याज दरों पर 50 लाख रुपए तक का गोल्ड लोन प्रदान करता है. गोल्ड लोन की अवधि 3 साल तक हो सकती है (अगर ईएमआई में लोन का भुगतान किया जा रहा हो) और अगर बुलेट रीपेमेंट के जरिए लोन का भुगतान किया जा रहा है तो 3 महीने, 6 महीने और 12 महीने. इन बातों के अलावा ऐसे कई खर्चे हैं जो बैंक शुरू में आप को नहीं बताते हैं. इन एक्स्ट्रा चार्जेज पर वे फौर्म भरते वक्त बात नहीं करते हैं जबकि गोल्ड लोन में भी दूसरे आम लोन की तरह प्रोसैसिंग फीस लगती है, जो बैंकों और नौन बैंकिंग फाइनैंस कंपनी के हिसाब से अलगअलग होती है. इस के अलावा प्रोसैसिंग फीस पर जीएसटी भी लगता है. लोन लेने के लिए प्रोसैसिंग फीस, वैल्यूएशन फीस, लौकर चार्ज, सर्विस चार्ज और एसएमएस चार्ज जैसे कई शुल्क लगते हैं जो एजेंट आप को नहीं बताता है.

बैंक या नौन बैंकिंग फाइनेंस कंपनी गहनों और सोने के सिक्कों के बदले ही लोन देते हैं. आप 50 ग्राम से ज्यादा वजन के सोने के सिक्के गिरवी नहीं रख सकते. वित्तीय संस्थान गोल्ड बार को भी गिरवी नहीं रखते हैं.

**लूट नहीं तो क्या**

तो, प्रचार की चमकदमक में गुमराह होने से बचें और सैलिब्रिटीज की लच्छेदार बातों में न आ कर गोल्ड लोन लेने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आप इसे किस उद्देश्य के लिए ले रहे हैं और उस की किस्त आप समय से चुका पाएंगे या नहीं, आप की संपत्ति का उपयोग हमेशा गंभीर और अपरिहार्य परिस्थितियों में होना चाहिए, मामूली जरूरतों को पूरा करने के लिए या महल्ले वालों व रिश्तेदारों को अपनी शानोशौकत दिखाने के लिए अपनी संपत्ति गिरवी रखना समझदारी नहीं है. इस बात पर पूरा ध्यान दें कि आप के पास समय से किस्त चुकाने के साधन हैं या नहीं. समय पर भुगतान करना बेहद जरूरी है. यदि आप समय पर भुगतान नहीं कर पाते तो लोन देने वाली संस्था आप के सोने को बेचने का अधिकार रखती है. यह न सोचें कि आप का सोना उन के पास सुरक्षित है. एक बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, जून 2024 में 6,696 करोड़ रुपए के दिए गए लोन के बदले सोने के जेवर औक्शन कर दिए गए क्योंकि उधार लेने वालों ने लोन चुकाया नहीं. यह पैसा छीना गया. अप्रैल 2024 से जून 2024 के 3 महीनों में 30 प्रतिशत लोन लेने वालों ने गहने नहीं छुड़ाए. बैंकों के लिए स्वर्णिम दिन हैं क्योंकि अब सोने की कीमत बढ़ गई है.

27 मार्च, 2025 को पश्चिम बंगाल के 24 परगना के स्टेट बैंक औफ इंडिया ने एक विज्ञापन जारी किया जिस में सईदा खातून के 22 कैरेट के 60 ग्राम सोने की 3 चूड़ियां नीलाम करने की सूचना थी. अब मई में सोने का दाम 1 लाख रुपए प्रति ग्राम है. सो, यह लूट नहीं है क्या, जो बैंकों ने मचाई है. अगर बैंक यह सोना औक्शन न करता तो ग्राहकों को लाभ ही लाभ होता.

सरिता से साभार

## विचार सरिता

# सवाल-जवाब : अपनों से संबंध बचाने के लिए तर्क-वितर्क में कदम पीछे खींचें

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



आज की ज्ञानचर्चा में आचार्य सत्यव्रत के समक्ष एक और जिज्ञासु का प्रश्न उपस्थित हुआ। आचार्य सत्यव्रत ने अपनी चिर परिचित शैली में जवाब देना प्रारंभ किया।

जिज्ञासु : किसी व्यक्ति से वाद-विवाद और आक्रामक भाषा में तर्क-वितर्क की स्थिति आने पर हमारा व्यवहार कैसा होना चाहिए?

आचार्य सत्यव्रतः हमें सामने वाले व्यक्ति से संयत भाषा में व्यवहार करना चाहिए। अपने तर्कों को स्पष्टता से दृढतापूर्वक रखना चाहिए तथा क्रोध से बचना चाहिए।

जिज्ञासु : आचार्य जी, ऐसी स्थिति में क्रोध को एकदम से रोक पाना तो कठिन है। ऐसे में क्रोध तो आता ही है।

आचार्य सत्यव्रतः क्रोध आए लेकिन आप इस पर नियंत्रण रखना सीखें। संयमित होने का प्रयत्न करने के बाद भी अगर क्रोध आ जाए तो इसकी अभिव्यक्ति के समय सावधानी रखें। विवेकहीन स्थिति में सामने वाले से किसी चुभने वाली और मर्मस्थल को चोट पहुंचाने वाली बात न कहें। इस क्रोध का प्रयोग केवल अपने तर्कों को मुखरता से रखने के लिए करें क्योंकि सामने वाला व्यक्ति नम्र भाषा को सुन-समझ नहीं रहा है। कुल मिलाकर क्रोध का प्रयोग तार्किक आक्रमण से बचाव और अपना तर्क रखने के लिए ही करें। सामने वाले के दोषों को इस समय गिनाने से कोई लाभ नहीं। इस समय वह व्यक्ति कुछ सुनने- समझने की स्थिति में नहीं रहेगा, अतः बात बढ़ती जाएगी।

जिज्ञासु : क्रोध की स्थिति में अगर संबंध बिगड़ने की नौबत आ जाए, तो क्या करना चाहिए?आचार्य सत्यव्रतः कोई भी विवाद या तो भ्रम के कारण होता है या आपस में संवादहीनता के कारण। अतः समझदारी का परिचय देते हुए बात को बढ़ने से रोकें और इस सीमा तक न पहुँचने दें कि संबंध बिगड़ जाएँ। अगर तर्क-वितर्क की स्थिति अपने परिजनों और निकट संबंधियों के साथ हो, तब तो और भी सावधानी बरतें। कोई भी कड़वी बात कहने से बचें और अधिक उदारता दिखाते हुए विवाद को किसी अप्रिय मोड़ तक पहुंचने से बचाने के लिए अपनी स्थिति स्पष्ट करने के बाद मौन रहें या और अधिक तर्क आगे बढ़ाने को विराम दें।

जिज्ञासु : यह तो अपने कदम पीछे खींच लेना जैसी बात है।

आचार्य सत्यव्रत : अपने संबंधों को बचाने के लिए अपने आत्मसम्मान की रक्षा करते हुए कदम पीछे खींच लेने में हर्ज नहीं है। लोक व्यवहार के या परिवार के संबंध अहं की हार-जीत से बढ़कर हैं।

(सवाल जवाब केवल सुझावात्मक हैं। हर परिस्थिति में और हर व्यक्ति के लिए समान रूप से इनका लागू होना आवश्यक नहीं है।)



## सामयिक चर्चा

# 25 पौधों के साथ बहुत कुछ बचे हैं

खबर पढ़कर,
बेहद चकित होकर,
बानी बोले - ''देखो तो,
लोग अब कैसे बेपरवाह
हो गये हैं गजाधर!
पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से
कृष्ण कुंज में,
दो एकड़ में लगे थे, एक दो नहीं,
पूरे पांच सौ पौधे।
अनदेखी से, मालूम,
अब सिर्फ पच्चीस बचे हैं।''
गजाधर मुस्कराए बोले -
''बहुतों को कीचड़ देखने की आदत हैं।
बानी! यह भी तो देखो
कि पौधारोपण के
गरिमापूर्ण आयोजन में
उमंग और उत्साह से भरे
आगुन्तकों के मुस्कराते मुख पर
जो कमल खिले थे,
उसकी सुखद स्मृतियाँ बची हैं।
पौधा लगाते-लगाते,
हॅसी-दिल्लगी करते, हॅसते-खिलखिलाते
एक से एक आकर्षक फोटो बचे हैं।''
तभी गृहस्थ गिरधारी बोल उठे -
''और हाँ भैया! पार्टी में खाए
गुलाब जामुन के स्वाद भी बचे हैं।''



गिरीश बख्शी

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आप माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर जायेंगे। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा बन जायेगा। किसी काम में की गई मेहनत जरूर सफल होगी। आज व्यापार के सिलसिले में की गई यात्रा आज फायदेमंद रहेगी। अगर आप बिजनेस में अनुभवी लोगों की सलाह लेकर आग बढ़ेंगे।

**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे, आपको ऐसा कर के अच्छा लगेगा। आज किसी बचपन के मित्र से आपकी मुलाकात हो सकती है, आप पुरानी बातों पर चर्चा करेंगे। आज कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आ रही रुकावटों का रास्ता आज ढूंढ लेंगे। आप अपनी ऊर्जा को अच्छे कामों में लगायेंगे। आज आपको परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर चिंता रहेगी। उनकी सेहत और परिवार का ध्यान रखना आपकी जिम्मेदारी है। बच्चों के लिए आज का दिन बढ़िया है। आपको कोई बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ होगा।

**कर्क** — आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की नई सौगात लाया है। जीवनसाथी की बेहतर सलाह से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त होगा। आज अपनी काबिलियत पर भरोसा रखकर आगे बढ़ेगे तो भविष्य में आपकी सफलता के अवसर बढ़ जायेंगे। कोई भी महत्वपूर्ण फैसला लेने में सहजता रहेगी। आज दोपहर बाद थोड़ा समय आराम करने और कलात्मक कामों में बीतेगा।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। आज के दिन आपके लिये कमियों से सीख लेकर आगे बढ़ने का है। ऐसा करने से आप उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। प्रतिष्ठित लोगों से फायदेमंद मुलाकात रहेगी। आज अपने निजी मामलों में किसी की दखलअंदाजी न होने दें।

**कन्या** — आज का दिन आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आप का दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आज यात्रा से आपको अपने परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। आज आपकी परिस्थितियों में बदलाव होगा। थोड़ा समय परिवार वालों के साथ बीताने और बातचीत करने से किसी खास मुद्दे का समाधान निकलेगा। भाइयों और रिश्तेदारों के बीच चल रहे विवाद किसी से निपट सकते हैं।

**तुला** — आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहने वाला हैं। समय का पूरा सदुपयोग करें। आज दूसरों को जितना ज्यादा महत्व देंगे, आपको भी उतना ही महत्व मिलेगा। आज पुश्तैनी जमीन-जायदाद से जुड़ा काम सुलझ सकता है। आज आपके घर में मांगलिक कामों की योजनाएं बनेंगी। संबंधों में मजबूती आएगी। आपका रुका हुआ सरकारी काम आज पूरा हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज आप का दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। माताएं अपने बच्चों को कुछ नया सिखाएंगी, जिससे बच्चों में नए विचार आएंगे। आज परिवार के कुछ जरूरी काम होंगे। आज किसी से फोन पर लम्बी बात हो सकती है। इससे रिश्ते और मजबूत होंगे। रूटीन में सुधार करने की जरूरत है। व्यवस्थित रहेंगे तो आज काम समय पर पूरे हो जाएंगे।

**धनु** — आज आपके दिन की शुरुआत आपके अनुकूल होने वाली है। आज आप वर्किंग प्लेस पर खूब मेहनत करेंगे आपको कई जिम्मेदारियां मिल सकती है, जिन्हें आप अच्छी तरह से निभायेंगे। इस राशि के मनोरंजन उद्योग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। आपके घर में उत्सव का माहौल बना रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से आपको लाभ होगा, धीरे-धीरे व्यापार में अच्छा लाभ देखने को मिलेगा।

**मकर** — आज आपका दिन खुशनुमा बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में जो भी रुकावटें आएंगी, उनसे आप कुछ सीख सकते हैं, ऐसे ही आपको आगे बढ़ने के नए मौके मिलेंगे। बिजनेस में अच्छे से काम को करने पर आपको फायदा होगा। कारोबार में कुछ नया करने के लिए चल रहे प्रयास सफल होंगे। दूसरों की मदद करने से आपको फायदा होगा। ज़मीन जायजाद के मामले में लाभ मिलेगा।

**कुंभ** — आज आपका दिन बढ़िया गुजरेगा। किसी काम को पूरा करने के लिए शार्टकट तरीके अपनाने से बचें। निश्चित ही काम थोड़े विलम्ब से ही लेकिन पूरे हो जाएंगे। इस राशि के बिजनेसमैन के बिजनेस में बढ़ोतरी होगी। माताएं बच्चो को मोरल स्टोरी सुनाएंगी। काम को पूरा करने में मन लगायेंगे और कुछ क्रिएटिव वर्क करने का प्रयास करेंगे। आपके लिए आज का दिन अच्छा है ।

**मीन** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। ऑफिस में आज का दिन ठीक रहेगा,..साथ ही कोई कलीग आपके काम में हेल्प करेंगे। आज किसी के बहकावे में न आये और अपने काम के प्रति सतर्क रहें। आपके परिवार में कोई नन्हा मेहमान आने के योग बन रहे है। आज आपके परिवार में खुशियों का माहौल बनेगा। आज आपको किसी महत्वपूर्ण चर्चा में शामिल होने का मौका मिलेगा।

# पीएम सेजेस गण्डई में विश्व पर्यावरण दिवस : एक पेड़ माँ के नाम 2.0 मनाया गया




गण्डई (दावा)। नगर के पीएम स्व. लाल मूरत सिंह खुशरो शासकीय अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालय गण्डई में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' का क्रियान्वयन किया गया। 'एक पेड़ माँ के नाम' का उद्देश्य यह है कि अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना, जीवन को पोषित करने में माताओं की भूमिका का सम्मान रखना है। वही अपने घर व आसपास के वातावरण को स्वस्थ बनाए रखने में अपना योगदान देना भी है। पर्यावरण को सहेजने हेतु पौधारोपण किया जाना चाहिए। पेड़ जीवन को बनाए रखते है और एक माँ की तरह ही पोषण, सुरक्षा एवं भविष्य प्रदान करते है। इसी अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार ददरया के द्वारा पौधारोपण करते हुए बताया गया कि समस्त शिक्षको एवं छात्रों को अपने घर में पेड़ लगाना शुरू करना है। जिस तरीके से धरती का तापमान बढ़ता जा रहा है। इसके जिम्मेदार कही न कही हम ही होंगे। इसलिए ऐसी स्थिति उत्पन्न ना हो, इसके लिए हमे अपने घर और आस-पास के सुरक्षित स्थानों पर पेड़ लगाना शुरू करना है।

विद्यालय के यूथ एवं ईको क्लब के प्रभारी जसबीर सिंह, व्याख्याता के द्वारा पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षित रखने की बात कही गई। इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित पालक युगल किशोर ताम्रकार, आशीष ताम्रकार एवं विद्यालय में उपस्थित विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न तरह के फलदार, छायादार वृक्षों का पौधारोपण किया गया। विद्यालय में उपस्थित व्ही.एन. नागेन्द्र, जीवन लाल देवांगन, दिलीप कुमार शर्मा, महेश सिंह ठाकुर, व्यासनारायण रत्नाकर, राकेश रोशन शर्मा, रामकुमार केंवट, मनिज दास, देवेन्द्र वासनिक, सुश्री सुरभि उइके, सुश्री किरण ठाकुर, आशुतोष देवांगन, दुर्गेश कुमार सेन, शुभम सिंह, हेमंत कुमार, श्रीमती ममता सोनी, सुश्री दिव्या श्रीवास्तव, सुश्री महिमा गढ़वाल के द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' के तहत वृक्षारोपण किया गया। विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा विद्यालय के समस्त स्टॉफ सदस्यों को उनके सराहनीय सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया।

# विधायक यशोदा ने किया विभिन्न ग्रामों का सघन दौरा



गंडई पंडरिया (दावा)। गत दिनों खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने गंडई से लगे विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा किया। जिसमें सर्वप्रथम ग्राम पंचायत चिलगुड़ा में सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इसके बाद आश्रित ग्राम इरिमकसा में लोगों से भेंट की। साथ में ग्रामीणों की मांग पर दुर्गा मंच निर्माण के लिए तीन लाख रूपए देने की घोषणा की। आखिर में ग्राम पंचायत लिमों में मानिकपुरी समाज द्वारा आयोजित दो दिवसीय कबीर सत्संग व चौका आरती में शामिल रही। जिसमे विधायक यशोदा ने कबीर भवन के आहता निर्माण के लिए तीन लाख रुपए देने घोषणा की।

उपरोक्त कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य मोतीलाल जंघेल, नीलांबर वर्मा, शत्रुहन मन्नू चंदेल, पूर्व सरपंच इमरान खान, इसराइल खान, ताराचंद बंजारे, मोहसीन खान, पुलेंद्र, रामानुज रजक, दिनेश रजक, निरंजन धनकर, सरपंच पति चुरावन टंडन, सरपंच चिलगुड़ा लेखराम साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे। लोकार्पण के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। गांवों में मूलभूत सुविधाओं की ओर प्राथमिकता के साथ ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा समाज सेवा सबसे बडा पुण्य का कार्य है तथा इस भवन में समाज सेवा को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिससे समाज व भावी पीढ़ी को नई दिशा मिल सकेगी।

# सड़क चिरचारी में विश्व पर्यावरण दिवस पर मोर गांव मोर पानी महाभियान कार्यक्रम का आयोजन




**जिला पंचायत अध्यक्ष ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया तथा जल संरक्षण की शपथ दिलाई**

राजनांदगांव (दावा)। छुरिया विकासखंड के ग्राम सड़क चिरचारी में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित मोर गांव मोर पानी महाभियान कार्यक्रम में शामिल हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि जल ही जीवन है और हम सभी को वर्षा के जल का संरक्षण करना बहुत आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों को घरों में सोखता गड्ढा का निर्माण कर वर्षा के जल को संरक्षित कर जल संरक्षण में भागीदारी निभाने की अपील की।

जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष संजय सिन्हा ने कहा कि वर्षा जल का संरक्षण करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी को मिलकर जल संरक्षण का कार्य करना चाहिए और दूसरों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करना चाहिए। जिला पंचायत सभापति श्रीमती अनीता मंडावी ने जल संरक्षा के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया तथा जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस दौरान रैली निकालकर ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सभापति जनपद पंचायत छुरिया पल्लीस्वामी नायडू, जनपद सदस्य श्रीमती भानबाई मंडावी व श्रीमती राधिका, सरपंच सड़क चिरचारी गुलचरण कतलाम, पूर्व जनपद सदस्य आनंद वेलकर व धर्मवीर चन्द्रवंशी, राजेश्वर ध्रुव, एसडीओ जीपी लारिया, मोहित पौडोती, चन्द्रशेखर ध्रुव, फतेश देवांगन, सुश्री हेमलता बाघमारिया, प्रोग्रामर बिहान गंजीर सहित विभिन्न ग्रामों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, महिला स्वसहायता समूह की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए।

## पहला कॉलम...

### शहर के सर्वांगीण विकास के लिए डॉ. रमन से मुलाकात



डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती के नेतृत्व में नगर विकास को लेकर प्रतिनिधि मंडल ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भेंट किये। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंग बन्नोआना, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, डोंगरगढ़ शहर भाजपा अध्यक्ष जसमित सिंग बन्नोआना उपस्थित थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मॉ के नाम'



राजनांदगांव (दावा)। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में आयोजित 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरी में प्राचार्य श्रीमती अनीता सहारे एवं ग्राम पंचायत बोरी के सरपंच जीवनलाल साहू, व्याख्याता सुश्री विभा कायरकर, श्रीमती बार्बी नोन्हारे, श्रीमती सीमा धमगेश, भुवेन्द्र कुमार ठाकुर, श्रीमती विधि चौरसिया, पीटीआई उमेश दास वैष्णव, इको क्लब के सदस्य छात्र एवं छात्राएं, नीता कोसरे, कुमारी देवांगन की उपस्थिति में मालश्री एवं बादाम पेड़ का रोपण किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण प्रदूषण एवं पेड़ लगाने हेतु अपने-अपने विचार व्यक्त किये। प्राचार्य श्रीमती अनीता सहारे द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें पेड़ क्यों लगाना चाहिए और पेड़ लगाने से क्या-क्या लाभ होते है और कौन-कौन से पेड़ लगाना चाहिए। पर्यावरण प्रदूषण से क्या हानि होती है। इस पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। आभार प्रदर्शन सुश्री विभाकायरकर व्याख्याता द्वारा की गई।

### शुभम अध्यक्ष, ललिता सचिव निर्वाचित



डोंगरगढ़(दावा)। युवा बौद्ध समिति वार्ड नंबर 02 के निर्वाचन में सामाजिक कार्यकर्ता शुभम खोब्रागड़े को अध्यक्ष और ललिता सकते को सचिव के पद पर जिम्मेदारी दी गई दोनों ने भारी बहुमत से अपने प्रतिद्वंद्वी को परास्त किया। निर्वाचित होने के पश्चात समर्थकों ने वार्ड में जुलूस निकाल कर सभी का आभार व्यक्त किया। सामाजिक गणों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि आपके द्वारा किए जाने वाले कार्यों से सभी युवा साथियों को प्रेरणा मिले। और समाज प्रगति के पथ पर अग्रसर हो।

### स्वर्गीय रामजीलाल अग्रवाल को दी गई श्रद्धांजलि



डोंगरगढ़ (दावा)। पूर्व वरिष्ठ मंत्री एवं रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल के निवास जाकर अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय नेतृत्वकर्ता एवं गौसेवक स्वर्गीय रामजीलाल अग्रवाल के तैलचित्र पर सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना उपाध्यक्ष जिला भाजपा, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, रमन डोंगरे अध्यक्ष नगर पालिका, उमा महेश वर्मा उपाध्यक्ष नगर पालिका, जसमित सिंग बन्नोआना अध्यक्ष शहर भाजपा सहित पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित कर शोकाकुल समस्त पारिवारिक जनों से भेंटकर शोक संवेदना व्यक्त किये।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया गया वृक्षारोपण



डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम ढ़ारा के शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष रवि यादव द्वारा शाला परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। लगातार हो रही पर्यावरण की हानि और बढ़ते पेड़ों की कटाई को देखते हुए आज वृक्षारोपण करना अनिवार्य हो गया है। सरकार द्वारा लगातार वृक्षारोपण कर लोगों को पेड़ कटाई से रोकने और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का प्रयास किया जा रहा है। वृक्षारोपण विद्यालय में करने से छात्रों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वृक्षारोपण के इस अवसर पर वृक्षारोपण करने हेतु जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष मनीष कुमार सोनी, ग्राम ढ़ारा के सरपंच श्रीमती आरती जंगल, विद्यालय के प्राचार्य विजय भरतद्वाज, सुकालू वर्मा, श्री रंगारे, सरपंच प्रतिनिधि मोहन मंडल सहित उपस्थित रहे।

# कोटराभाठा में आयोजित कबीर सत्संग समारोह में एक पेड़ लगाने सभी ने लिया संकल्प



**धर्माधिकारी सत्येंद्र साहेब ने विश्व पर्यावरण दिवस पर आमीन माता महिला समूह को पौधा भेंट किया**

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम कोटराभाठा (बजरंग चौक) में आमीन माता महिला समूह एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान मे दो दिवसीय कबीर सत्संग समारोह 5 एवं 6 जून को आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य प्रवचनकर्ता धर्माधिकारी सत्येंद्र साहेब नदिया मठ, गिरवर साहेब, विजय, रेखचंद, द्वारका साहू ने आज आमीन माता महिला समिति को विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधा भेंटकर सभी को उनकी सुरक्षा का संकल्प लेकर 1 पेड़ लगाने का आह्वान किया, यह संकल्प गिरवर साहेब द्वारा कराया गया। इस अवसर पर आमीन माता महिला समिति अध्यक्ष भुनेश्वरी साहू, सोनिया साहू, मुकेश्वरी साहू, धनेश्वरी साहू, गुणेश्वरी साहू, ज्ञान साहू, पार्वती साहू, घसनीन, हेमिन, भेख बाई, अनुराधा साहू, यशवंत साहू, जीवन साहू, भूषण साहू, संतराम, पुष्पा, मुकेश्वरी, धनेश्वरी, परमेश्वरी, सुशीला, गायत्री, कमला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद है।

# व्यवहार न्यायालय छुईखदान में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया



छुईखदान (दावा)। अध्यक्ष श्रीमती सुषमा सावंत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजनांदगांव के निर्देशानुसार एवं सचिव के मार्गदर्शन में तालुका विधिक सेवा समिति/न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी छुईखदान ईशान व्यास द्वारा न्यायालय परिसर छुईखदान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दी, न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। पीएलव्ही. सुनील कुमार द्वारा समय-समय पर नालसा के द्वारा चलाये जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर इस तरह का कार्यक्रम आयोजन किया जाता है।

उक्त शिविर में न्यायिक कर्मचारीगण अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रज्जू महोबिया, मनोज चौबे, शिवेंद्र ताम्रकार, रवि केसरिया सुश्री प्रतिमा महोबिया एवं अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# ग्राम ढारा में कबीर प्रकट दिवस मनाया गया



डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम ढारा में कबीर पंथ के अनुयायी एवं मानिकपुरी समाज द्वारा बड़ी धूम धाम से कबीर प्रकट दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम ग्राम ढारा मे स्थित कबीर कुटीर मे महंत दीवान एवं संतो द्वारा चौका आरती एवं कबीर भजन सहित वाडयंत्र के सामंजस्य से रागविलाप करते हुए आरती के साथ प्रस्तुति दी गई।

इस चौका आरती के कार्यक्रम मे ग्राम के कबीर पंथ अनुयायी मानिकपुरी समाज आसपास के ग्रामीण अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर इस प्रकट दिवस को उत्साह पूर्वक मनाया गया। तत्पश्चात आयोजन में क्षेत्र के विधायक श्रीमति हर्षिता बघेल के कहने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेश सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम के प्रथम नागरिक सरपंच श्रीमति आरती जंघेल ने की, विशिष्ट अतिथि के तौर पर राजू राजपूत संयुक्त महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण डोंगरगढ़), उपसरपंच ढारा समसाय ताण्डेकार, गोकुल वर्मा, नीलम जैन (पंच) सरपंच प्रतिनिधि मोहन जंघेल, ध्रुवदास मानिकपुरी सहित मंचस्थ थे।

अतिथि स्वागत के बाद सारगर्भित कबीर के वाणी एवं उसके चौपाई के माध्यम से मानिकपुरी समाज एवं कबीर पंथ अनुयायियों को सम्बोधित किया गया, स्वागत उदबोधन ग्राम के सरपंच द्वारा दी गई। कार्यक्रम में धन्यवाद एवं आभार व्यक्त सरपंच प्रतिनिधि द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन समाजसेवी रवि यादव द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के प्रमुख राघवदास मानिकपुरी, प्रकाशदास मानिकपुरी, उत्तमदास मानिकपुरी, कमलेश साहू, भगवंतिन मानिकपुरी, पुष्पा बाई मानिकपुरी आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

# हुरेली में मनाया गया जिला स्तरीय विश्व पर्यावरण दिवस



**जिला पंचायत के अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकगणों, अधिकारियों ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस**

मोहला (दावा)। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकासखंड मानपुर के ग्राम पंचायत हुरेली में जिला स्तरीय विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन का संदेश दी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध व संतुलित बनाए रखने में पौधों की अहमियत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी ग्रामीणों को पौधरोपण करने प्रेरित की। उन्होंने ग्रामीणजनों को पौध वितरित भी की। इस अवसर पर पौधारोपण के संबंध में जोर देते हुए बताया गया कि वर्तमान में जलवायु परिवर्तन के कारण पौधारोपण किया जाना और भी आवश्यक हो गया है। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष भोजेश शाह मंडवी ने जानकारी देते हुए बताया कि मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी का लगभग 50 प्रतिशत क्षेत्र वनों से आच्छादित है एवं इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्रहण 32 करोड़ से ज्यादा का किया गया है। उन्होंने कहा इस क्षेत्र के लिए आय का मुख्य स्रोत है। इस अवसर पर जनपद सदस्य मानपुर, अमरु राम वड्डे, धरमू भुआर्य, सरपंच हुरेली, उपसरपंच हुरेली, सचिव हुरेली, सरपंच ढ़ोडरी, सरपंच कहडबरी, ग्राम पटेल हुरेली तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, मदन साहू व ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वन विभाग के उप वनमंडलाधिकारी मानपुर, उप वन मंडलाधिकारी चौकी, वन परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण मानपुर एवं समस्त साउथ मानपुर स्टॉफ उपस्थित रहे। जिसमें विभिन्न प्रबुद्धजनों के द्वारा वृक्षारोपण एवं पर्यावरण बचाओ के संबंध में महत्वपूर्ण उद्बोधन एवं अपने पक्ष को रखा गया।

# हरे-भरे कल का संदेश : 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' से खैरागढ़ में पर्यावरण का नया अध्याय

खैरागढ़ (दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार 5 जून को इंदिरा कला सगीत विश्वविद्यालय के कैम्पस-2 परिसर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का अद्वितीय प्रदर्शन किया गया। विश्वविद्यालय ने 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान के तहत विभिन्न प्रजाति के फलदार एवं छायादार पौधों का वृक्षारोपण किया। जिसमें कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया।। इस अभूतपूर्व कार्यक्रम में शामिल सभी सदस्यों ने प्रति वर्ष वृक्षारोपण करने का शपथ लेकर पर्यावरण संतुलन की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### शपथ की शक्ति

उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारियों ने न केवल वृक्षारोपण किया। बल्कि पर्यावरण संरक्षण हेतु एक दृढ शपथ ली कि वे हर वर्ष कम से कम एक पेड़ लगाने का संकल्प निभाएंगे। यह शपथ हमें यह याद दिलाती है कि वृक्ष हमारी धरती की जान है और प्रकृति को सतुलित रखने में इनका वचनबद्ध योगदान अनमोल है।



### कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा का आवाह्न

कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने अपने संबोधन में जोर देकर कहा कि 'वृक्षारोपण पर्यावरण के संतुलन एवं सुरक्षा में अहम भूमिका निभाता है।' उन्होंने सभी से आग्रह किया कि प्लास्टिक तथा पॉलिथीन के उपयोग से बचें, घर के आस-पास नियमित सफाई रखें, नदी-नालों को प्रदूषित न करें और जल का दुरूपयोग न करें। उनके अनुसार, ये सभी प्रयास वृक्षारोपण जितने ही महत्वपूर्ण हैं और समग्र पर्यावरण सुरक्षा के लिए अपरिहार्य हैं। आइए हम सब मिलकर एक हरित भविष्य की ओर कदम बढाएं हर पेड़, हर दिशा में जीवन का नया संचार लगाए।



### टेक्नोलॉजी से जुड़ा पर्यावरण का वर्चुअल सहभागिता

इस स्मरणीय अवसर पर विश्वविद्यालय अधिकारी-कर्मचारियों ने वर्चुअल माध्यम से शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर अभियान की सफलता में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस डिजिटल सहभागिता ने यह संदेश दिया कि तकनीकी प्रगति और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ चलते हैं।

### पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता- एक दिशा, एक उद्देश्य

अभियान की सार्थकता 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान न केवल एक वृक्षारोपण कार्यक्रम है, बल्कि एक सामाजिक संदेश है। यह संदेश सभी नागरिकों को प्रेरित करता है कि वे प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें और हर वर्ष कम से कम एक पेड़ लगाने का संकल्प ले, ताकि हमारी पृथ्वी हरी-भरी बनी रहे।।

### हरित क्रान्ति से विचार क्रान्ति

इस आयोजन के माध्यम से इंदिरा कला सगीत विश्वविद्यालय ने यह सुनिश्चित किया कि पर्यावरण संतुलन और संरक्षण के लिए केवल वृक्षारोपण ही नहीं, बल्कि दैनिक जीवन में स्वच्छता, जल संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। यह अगला कदम छात्रों एवं कर्मचारियों के लिए एक आदर्श और प्रेरणादायक मिसाल पेश करता है। यह आयोजन हमें याद दिलाता है कि प्रकृति के साथ तालमेल बिठाना हमारी नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय का यह प्रयास एक प्रेरणा स्वरूप है, जो अन्य संस्थानों एवं समुदायों को भी पर्यावरण के प्रति सजग और प्रतिबद्ध होने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम का संचालन सहप्राध्यापक डॉ. देवमाईत मिंज ने किया। इस अवसर विश्वविद्यालय के अधिष्ठातागण, सह प्राध्यापक व सहायक प्राध्यापक सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## पाकिस्तानी आतंकियों ने प्राइवेट कंपनी के 11 कर्मचारियों को किया अगवा

पेशावर। पाकिस्तान जो दुनिया भर में आतंकियों के एक्सपोर्ट के लिए जाना जाता है वहां भी अगर आतंकी बड़ी वारदात को अंजाम दें तो यह अपने आप में हस्यास्पद है। लेकिन, ऐसा ही कुछ पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में हुआ है। यहां खैबर पख्तूनख्वा में अज्ञात आतंकवादियों ने बृहस्पतिवार को एक निजी कंपनी के 11 कर्मचारियों का अपहरण कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने इस घटना के बारे में जानकारी दी है। हालांकि, पुलिस ने संदिग्धों का पीछा किया और अपहृत कर्मचारियों में से छह लोगों को बचा लिया। सुरक्षा बलों ने इलाके में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। सूचना मिलते ही डेरा इस्माइल खान के जिला पुलिस अधीक्षक और आतंकवाद निरोधक विभाग के पुलिस अधीक्षक शकील खान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तलाशी शुरू की। शेष पांच बंधकों को बचाने और संदिग्धों को पकड़ने के लिए पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया है। अपहरण की जिम्मेदारी अभी तक किसी संगठन ने नहीं ली है। एक निजी कंपनी के तीन वाहनों में सवार ये कर्मचारी इस्लामाबाद से क्वेटा जा रहे थे, तभी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में दोमांडा ब्रिज के पास उनका अपहरण कर लिया गया। डेरा इस्माइल खान को तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान का गढ़ माना जाता है। पिछले कुछ समय से यहां आतंकी घटनाएं बढ़ी हैं।

## पूर्व खिलाड़ी सचित्रा सेनानायके पर लगा मैच फिक्सिंग का आरोप

नई दिल्ली। क्रिकेट वर्ल्ड में मैच फिक्सिंग का साया लगातार मंडराता रहता है, जिसमें अब श्रीलंका टीम के पूर्व खिलाड़ी सचित्रा सेनानायके अब दोषी पाए गए हैं। श्रीलंका में होने वाली लंका प्रीमियर लीग में साल 2020 में खेले गए सीजन में सचित्रा सेनानायके पर साथी खिलाड़ी को फिक्सिंग के लिए लुभाने का आरोप लगा था। इस मामले में उनकी गिरफ्तारी भी हुई थी, लेकिन बाद में उन्हें साल 2023 में जमानत पर छोड़ दिया गया था। अब इस मामले में जांच पूरी होने के साथ सेनानायके को मैच फिक्सिंग करने का दोषी पाया गया है। श्रीलंका टीम के पूर्व खिलाड़ी सचित्रा सेनानायके पर जब मैच फिक्सिंग का आरोप लगा था तो उसके बाद से इस मामले में जांच चल रही थी। अब हंबनटोटा हाईकोर्ट ने मैच फिक्सिंग का दोषी ठहराया है जिसमें लंका प्रीमियर लीग में उन्हें एक साथी खिलाड़ी को लुभाने की कोशिश का आरोप सिद्ध हो चुका है। अटॉर्नी जनरल के विभाग ने बताया कि श्रीलंका में हाल ही में लागू किए गए भ्रष्टाचार विरोधी कानून के तहत मैच फिक्सिंग के लिए राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेटर पर यह पहला ऐसा अभियोग है। इस मामले में स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कोलंबो किंग्स के लिये खेल रहे थारिंडु रत्नायके को फिक्सिंग की पेशकश की थी।

## बेंगलुरु हादसा : भगदड़ में मारे गए लोगों के लिए केएससीए ने किया मुआवजे का एलान

नई दिल्ली। आईपीएल की नई विजेता टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के सम्मान में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित किए गए समारोह के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई। इस मामले पर कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ की जमकर आलोचना हो रही है। हालांकि, अब राज्य क्रिकेट संघ ने हादसे में मारे गए लोगों को मुआवजा देने का एलान किया है। केएससीए ने हादसे में मारे गए लोगों और घायल हुए लोगों के लिए प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। इस हादसे में अभी तक 11 लोगों के मारे जाने और 47 लोगों के घायल होने की खबर है। आरसीबी ने एक बयान जारी मारे गए लोगों के प्रति दुख जताया है और बताया है कि जैसे ही हादसे की जानकारी मिली वैसे ही इवेंट को रोक दिया गया था। आरसीबी ने एक बयान जारी कर कहा, ÷ हम मीडिया रिपोर्ट्स के माध्यम से सामने आए हादसे की जानकारी से काफी दुखी हैं। पूरे बेंगलुरू में टीम के आने की खबर सुनने के बाद काफी जगह लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।

## शेयर बाजार में रही तेजी

मुंबई ,05 जून। मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को हरे निशान में खुला। शुरुआती कारोबार में फार्मा, ऑटो और आईटी सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सुबह करीब 9.29 बजे, सेंसेक्स 268.8 अंक या 0.33 प्रतिशत बढ़कर 81,267.09 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 82.75 अंक या 0.34 प्रतिशत बढ़कर 24,702.95 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी बैंक 29.70 अंक या 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 55,647.15 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 263.35 अंक या 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 58,188 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 141.65 अंक या 0.78 प्रतिशत चढ़कर 18,398.75 पर था। विश्लेषकों के अनुसार, बुधवार को निफ्टी में तेजी रही और इंडिया वीआईएक्स में करीब 5 प्रतिशत की गिरावट आई, जिसे बुल्स देखना पसंद करेंगे। एक्सिस सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख अक्षय चिंचलकर ने कहा, निफ्टी के लिए, 24,462 स्तर बरकरार है और यह आशावाद को बनाए रखता है। अगर यह स्तर टूटता है, तो बाजार संभवतः 23,800 के प्रमुख समर्थन स्तर पर पहुंच जाएगा। अल्पकालिक प्रतिरोध 24,760 और 24,882 के बीच है। वैश्विक स्तर पर, शेयर बाजार में तेजी का रुख है।

# स्कॉटलैंड के बाद नीदरलैंड्स को नेपाल ने दी करारी शिकस्त, वर्ल्ड कप लीग-2 में मचाया धमाल

नई दिल्ली। नेपाल क्रिकेट टीम ने इन दिनों आईसीसी मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग-2 में धमाल मचा रखा है। पिछले दिनों स्कॉटलैंड पर आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत के बाद नीदरलैंड्स को पटखनी दे दी है। नेपाल क्रिकेट ने दो यूरोपीय देशों को हराकर एशियाई क्रिकेट प्रतिभा का लोहा मनवाया है।




आईसीसी मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग-2 के 74वें मैच में नेपाल का सामना नीदरलैंड्स से हुआ। टॉस जीतकर नीदरलैंड्स ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 49.1 ओवर में 225 का स्कोर बनाया। नीदरलैंड्स ने पहले ही ओवर में माइकल लेविट (1) का विकेट गंवा दिया। सोमपाल कामी ने नेपाल को पहला ब्रेकथ्रू दिलाया।

अनुभवी बल्लेबाज मैक्स ओ%डॉड 12 गेंद पर 4 रन बनाकर आउट हो गए। दो विकेट जल्द गंवाने के बाद विक्रमजीत सिंह और कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स के बीच तीसरे विकेट के लिए 101 गेंद पर 72 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को संदीप लामिछाने ने तोड़ा। लामिछाने ने विक्रमजीत सिंह को 38 के स्कोर पर आरिफ के हाथों कैच करवाया।

कप्तान एडवर्ड्स अपने अर्धशतक से चूक गए। राजबंशी ने 46 के स्कोर पर आउट कर नीदरलैंड्स को बड़ा झटका दिया। इसके बाद टीम लड़खड़ा गई। हालांकि, अंत में नोआ क्रोएस ने 55 गेंद पर 48 रन की पारी खेल टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचा दिया। सोमपाल कामी ने तीन विकेट चटकाए। करण, संदीप और राजबंशी को 2-2 विकेट मिले।

लक्ष्य का पीछा करते हुए नेपाल की सलामी जोड़ी ने 32 रन की साझेदारी की। आसिफ शेख 19 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, कुशल भुर्तेल 25 रन का ही योग दे सके। भीम शर्की ने 11 रन बनाए। कप्तान रोहित पौडेल 23 बनाकर जल्दी आउट हो गए। 123 रन पर नेपाल ने चार विकेट गंवा दिए थे।

इस बीच आरिफ शेख ने एक छोर संभाले रखा और चौथे और पांचवें विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी कर मैच नेपाल के पक्ष में मोड़ दिया। आरिफ शेख शतक से चूक गए और 78 रन की शानदार पारी खेल कर आउट हुए। इसके बाद दीपेंद्र सिंह ऐरी (नाबाद 38) और गुलसन झा (नाबाद 11) ने टीम को पांच विकेट से जीत दिला दी।

# भारत से बातचीत के लिए पाकिस्तान ने ट्रंप से लगाया मदद की गुहार, कहा...

नई दिल्ली। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था भीख के पैसों पर चल रही है, ये तो पूरी दुनिया को पता है। लेकिन भीख मांगने की पाकिस्तान की ऐसी आदत है कि जाती नहीं। कभी पैसे के लिए, कभी रिसोर्स के लिए तो कभी दाना-पानी के लिए, पाकिस्तान दुनिया के आगे हाथ फैलाने से कतई परहेज नहीं करता।



अब शहबाज शरीफ ने एक बार फिर अमेरिका के सामने हाथ फैलाया है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से गिड़गिड़ा कर भारत के साथ बातचीत कराने का आग्रह किया है। दरअसल भारत ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि उसके साथ तब तक कोई बातचीत नहीं होगी, जब तक वह आतंकवाद को समाप्त न कर दे।इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शहबाज शरीफ पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने भारत के साथ तनाव को कम करने के लिए डोनाल्ड ट्रंप का आभार जताया। शरीफ ने ट्रंप से भारत के साथ बातचीत को सुगम बनाने का आह्वान भी किया। हालांकि भारत का स्पष्ट मत है कि बातचीत में कोई तीसरा पक्ष शामिल नहीं होगा। बता दें कि पाकिस्तान कई बार संघर्ष विराम के लिए अमेरिका को क्रेडिट दे चुका है। जबकि भारत ने इससे साफ इनकार कर दिया था। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भी कहा था कि ट्रंप करीब 10 अलग-अलग मौकों पर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम में मदद की थी, जिसका श्रेय लेने के वह हकदार हैं।

# इंग्लैंड ने पहले टेस्ट मैच के लिए घोषित की टीम, 3 साल बाद इस ऑलराउंडर की हुई वापसी

नई दिल्ली। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ 20 जून से लीड्स के हेडिंग्ले में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए अपनी 14 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है। तीन साल बाद जेमी ओवरटन को टेस्ट टीम में जगह मिली है। क्रिस वोक्स की भी टीम में वापसी हुई है। बता दें कि ओवरटन ने जून 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में ही अपना टेस्ट डेब्यू किया था, जहां उन्होंने दो विकेट चटकाए थे और करियर की सर्वश्रेष्ठ 97 रन की पारी खेली थी। इस ऑलराउंडर खिलाड़ी को अब तीन साल बाद इंग्लैंड की टेस्ट टीम में जगह दी गई है। चोट की वजह से वह जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच से बाहर हो गए थे।




टीम में तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स को भी जगह मिली है। वोक्स ने आखिरी बार 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में भाग लिया था। बाएं हाथ के बल्लेबाज जैकब बेथेल को उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। वह भी टेस्ट टीम में शामिल किए गए हैं। बेथेल ने आईपीएल और वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में 82 रन की शानदार पारी खेली थी।

गौरतलब हो कि इंग्लैंड की टीम इस सीरीज में अपने पूरे दमखम वाले तेज गेंदबाजों के बिना उतरेगी। क्योंकि मार्क वुड और ओली स्टोन दोनों घुटने की चोटों से उबर रहे हैं। आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए अंगूठे में लगी चोट के चलते जोफ्रा आर्चर भी टीम के साथ नहीं हैं।

आर्चर के दूसरे टेस्ट मैच से पहले फिट होने की उम्मीद नहीं है। दूसरा टेस्ट मैच 2 जुलाई बुधवार को बर्मिंघम के एजबेस्टन में शुरू होगा। इंग्लैंड वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पहले दो संस्करण में फाइनल तक पहुंचने में विफल रहा है। इस बार टीम का लक्ष्य मजबूत शुरुआत करना होगा।

बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्से, सैम कुक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

# पीवी सिंधु ने गंवाया मैच, राउंड-16 में हारकर टूर्नामेंट से हुई बाहर

नई दिल्ली। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु पिछले कुछ समय से बहुत ही खराब फॉर्म से जूझ रही हैं। अब खराब फॉर्म का खामियाजा उन्हें इंडोनेशिया ओपन 2025 में हारकर चुकाना पड़ा। उन्हें प्री-क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से करारी शिकस्त मिली और इसी के साथ वह टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।




पीवी सिंधु ने मैच में शानदार शुरुआत की थी और पहले गेम को 22-20 से अपने नाम किया था। उन्होंने इस गेम में आक्रामक शुरुआत की और विरोधी खिलाड़ी को संभलने का कोई मौका नहीं दिया। उनके खेल का पोर्नपावी चोचुवोंग के पास कोई जवाब नहीं था। लेकिन दूसरे गेम में बाजी पूरी तरह से पलट गई, जब चोचुवोंग ने दमदार वापसी की और 10 अंकों की बढ़त हासिल करते हुए 21-10 से दूसरे गेम अपने नाम कर लिया।

इससे मैच एक बार फिर बराबरी पर आ गया, जहां दोनों खिलाड़ी के पास जीतने का अच्छा मौका था, लेकिन पीवी सिंधु यहां पीछे रह गईं और चोचुवोंग ने जीत हासिल कर ली। आखिरी गेम में बढ़त हासिल करते हुए 21-18 से मैच अपने नाम कर लिया। इसी के साथ मैच भी जीत लिया। इस गेम में सिंधु ने कई गलतियां की, जिनकी वजह से उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा।

इससे पहले राउंड-32 में पीवी सिंधु ने नोजोमी ओकुहारा को मात दी थी। तब सिंधु ने 22-20, 21-23 और 21-15 से जीत हासिल की थी और अगले राउंड में जगह बनाई थी। लेकिन प्री-क्वार्टर फाइनल में वह इस लय को बरकरार रख पाईं। अभी उनके बाहर होने के बाद भी भारत का अभियान जारी रहेगा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी, और महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद कोर्ट पर उतरेंगे।

# हज के लिए दुनिया भर से सऊदी अरब पहुंचे 15 लाख से ज्यादा मुसलमान

अराफात (सऊदी अरब)। इस साल हज करने के लिए दुनिया भर से 15 लाख से ज्यादा जायरीन सऊदी अरब पहुंचे हैं। सऊदी सरकार के एक प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी दी है। हज इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है और आर्थिक एवं शारीरिक तौर पर सक्षम मुस्लिम के लिए यह जरूरी माना जाता है कि वह जीवन में कम से कम एक बार हज करे। गर्मी को देखते हुए सऊदी सरकार ने इस वर्ष हाजियों के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं।



हज मंत्रालय के प्रवक्ता गस्सान अल नौइमी ने विदेशी हज यात्रियों की अनुमानित संख्या के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने यह नहीं बताया कि सऊदी अरब के कितने लोग इस साल हज कर रहे हैं। पिछले साल दुनिया भर के 16 लाख से ज्यादा मुस्लिमों ने हज किया था। हज यात्री बुधवार को अराफात पहुंचने लगे। करीब 40 डिग्री सेल्सियस की भीषण गर्मी में कुछ लोग पैदल यात्रा कर रहे थे तो अन्य लोग बुजुर्गों को साथ लेकर चल रहे थे। मक्का के दक्षिण-पूर्व में स्थित पहाड़ी च्माउंट अराफातज् का इस्लाम में बहुत महत्व है। अराफात का जिक्र कुरान में भी किया गया है और कहा जाता है कि यहीं पर पैगंबर मोहम्मद ने अपने अंतिम हज के दौरान अपना अंतिम खुतबा (उपदेश) दिया था। पैगंबर की पारंपरिक उक्तियों के अनुसार, अराफात का दिन साल का सबसे पवित्र दिन होता है, जब अल्लाह जायरीनों के करीब आते हैं और उनके गुनाहों को माफ करते हैं। हज यात्री आधी रात से लेकर सूर्यास्त तक अराफात में इबादत करेंगे।

हज यात्री बृहस्पतिवार को सूर्यास्त के बाद कंकड़ियां इकट्ठा करने के लिए मुजदलिफा के रेगिस्तानी मैदान में जाएंगे, जिसका इस्तेमाल वो शैतान को कंकड़ियां मारने की रस्म के लिए करेंगे। इस बीच यहां यह भी बता दें कि, वर्ष 2023 में 18 लाख से अधिक लोगों ने हज किया था। 2019 में हाजियों की संख्या 24 लाख से अधिक थी। (एपी)

# क्या बंद होने वाला है 500 रुपए का नोट?

नई दिल्ली। बीते एक हफ्ते से सोशल मीडिया और कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में 500 रुपए के नोट को बंद किए जाने की अटकलें लगाई जा रही थीं। इन खबरों में कहा जा रहा था कि भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को एटीएम में 100 रुपए और 200 रुपए के नोटों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया है और इसके लिए डेडलाइन भी तय कर दी है, जिससे 500 रुपए के नोट के बंद होने की संभावना जताई जा रही थी।



अब सरकार की आधिकारिक फैक्ट चेक यूनिट, प्रेस सूचना ब्यूरो ने इन खबरों का खंडन किया है। PIB ने एक ट्वीट जारी कर स्पष्ट किया है कि 500 रुपए के नोट को बंद करने की कोई योजना नहीं है। PIBने कैपिटल टीवी नामक एक यूट्यूब चैनल द्वारा प्रसारित इस खबर को फर्जी बताया है। PIB के अनुसार, PIB की ओर से ऐसा कोई भी आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है और 500 रुपए का नोट चलन में बना रहेगा।

इस पूरे मामले की शुरुआत तब हुई जब भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को एटीएम में 100 रुपए और 200 रुपए के नोटों का सर्कुलेशन बढ़ाने का निर्देश जारी किया था। इसके बाद विभिन्न विशेषज्ञों ने इस निर्देश की अपने-अपने तरीके से व्याख्या करना शुरू कर दिया। कुछ विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया कि यह ?500 के नोट को धीरे-धीरे बाजार से वापस लेने की प्रक्रिया का हिस्सा हो सकता है।

इस अफवाह को और हवा तब मिली जब आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने केंद्र सरकार से 500 रुपए और उससे अधिक मूल्य के नोटों को बंद करने की अपील की। उन्होंने बड़े नोटों को भ्रष्टाचार की जड़ बताते हुए इन्हें चलन से बाहर करने की वकालत की थी। हालांकि, PIB के स्पष्टीकरण के बाद अब यह साफ हो गया है कि 500 रुपए के नोट को बंद करने की खबरें निराधार हैं और आम जनता को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**बेंगलुरू भगदड़ मामला: सीआईडी को....**

अपनी स्टेटस रिपोर्ट में बताया कि इस मामले की जांच अब CID को सौंप दी गई है, और आगे की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया जाएगा। CID का कार्य इस मामले की निष्पक्ष, गहन और वैज्ञानिक ढंग से जांच करना होगा। SIT में अनुभवी पुलिस अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो साक्ष्यों को एकत्र कर, जिम्मेदारों की पहचान करेंगे और न्यायिक प्रक्रिया को मजबूत करेंगे। इस पूरे मामले पर कर्नाटक हाई कोर्ट नजर बनाए हुए है। कोर्ट ने राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी, जिसके जवाब में सरकार ने यह जानकारी सौंपी। संभावना जताई जा रही है कि कोर्ट आगे SIT की प्रगति रिपोर्ट पर भी निगरानी रखेगा।

**आरसीबी इवेंट मैनेजमेंट....**

को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण किया, जहां बुधवार को भगदड़ मची थी। जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से अधिक लोग घायल हो गए थे। घटना की जानकारी देते हुए उपायुक्त जी जगदीश ने कहा कि, आज मैंने केएससीए (कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ) स्टेडियम का दौरा किया। मैंने यहां सभी कार्यक्रम देखे हैं। मैं कुछ लोगों को पूछताछ के लिए नोटिस जारी करूंगा। मैं जांच करूंगा और 15 दिनों के भीतर पूरी करूंगा। मैं केएससीए, आरसीबी प्रबंधन, इवेंट मैनेजर और पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी करूंगा। मैं लोगों से साक्ष्य देने के लिए कहूंगा। इस त्रासदी के लिए कौन जिम्मेदार है, इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, मैं अभी जांच शुरू कर रहा हूं। मैं अभी इसे समाप्त नहीं करूंगा। उन्होंने कहा, मुझे जांच करनी है और सरकार को रिपोर्ट देनी है।

**मृतकों के परिवार को 10-10 लाख....**

के लिए बेताब दिखे। खिलाड़ियों को विधान सौधा और चिन्नास्वामी स्टेडियम में सम्मानित किया जाना था। विधान सौधा में सम्मान कार्यक्रम के बाद खिलाड़ियों को विक्ट्री परेड करते हुए स्टेडियम पहुंचना था। हालांकि, फैंस की सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। विधान सौधा से लेकर चिन्नास्वामी स्टेडियम तक, लाखों की संख्या में फैंस मौजूद रहे। वह किसी भी तरह से स्टेडियम के अंदर जाने के लिए बेताब दिखे। वे पेड़, कार, बस, जो भी ऊंची चीज दिखी, उस पर चढ़ गए। इतना ही नहीं फैंस स्टेडियम की दीवार और फेंसिंग पर चढ़ते भी दिखे। आरसीबी ने गुरुवार को एक बयान जारी कर कहा कि इस घटना से आरसीबी परिवार को बहुत पीड़ा और दर्द हुआ है और सम्मान के रूप में वे 11 परिवारों को वित्तीय सहायता देंगे। आरसीबी ने त्रासदी में घायल हुए प्रशंसकों का समर्थन करने के लिए आरसीबी केयर्स नाम से एक फंड भी स्थापित किया है।

उन्होंने कहा, बंगलूरू में बुधवार को हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना से आरसीबी परिवार को काफी पीड़ा हुई है। सम्मान और एकजुटता के संकेत के रूप में, आरसीबी ने मृतकों के 11 परिवारों में से प्रत्येक को 10 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है। इसके अलावा इस दुखद घटना में घायल हुए फैंस की मदद के लिए आरसीबी केयर्स नाम का फंड भी बनाया जा रहा है। हम जो कुछ भी करते हैं, हमारे दिल में हमारे प्रशंसक हमेशा रहेंगे। हम दुख में एकजुट रहते हैं।

**सीएम सिद्धारमैया ने पुलिस को...**

कर ली गई है. सरकार ने तत्काल प्रभाव से कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को उनके पद से हटा दिया है. इसमें एसीपी कब्बन पार्क, डीसीपी सेंट्रल जोन, एडीशनल कमिश्नर वेस्ट जोन, बेंगलुरु सिटी पुलिस कमिश्नर, स्टेशन हाउस मास्टर और कब्बन पार्क थाना प्रभारी शामिल हैं.

इन सभी को निलंबित कर दिया गया है. बता दें, पुलिस ने सुरक्षा काराणों का हवाला देकर इस इवेंट को कराने से मना कर दिया था. साथ ही आरसीबी को 4 जून को इवेंट करने मना भी किया था. बावजूद इसके पुलिसकर्मियों को ही सस्पेंड कर दिया गया. इसके अलावा आरसीबी, केएससीए और इवेंट आयोजित करने वाली डीएनए कंपनी के प्रतिनिधियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा. मुख्यमंत्री ने साफ किया कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

**देश में ही बनेगी राफेल....**

की एयरोस्पेस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, भारत में सम्पूर्ण राफेल विमान का निर्माण टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की क्षमताओं में बढ़ते विश्वास तथा डसॉल्ट एविएशन के साथ हमारे सहयोग की मजबूती को रेखांकित करता है।

उन्होंने कहा, यह कदम भारत की एक आधुनिक, मजबूत एयरोस्पेस विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने में की गई उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाता है कि भारत अब वैश्विक प्लेटफार्मों का समर्थन कर सकता है।

**ट्रम्प बोले- मस्क से निराश हूं.....**

मैं एलन से बहुत निराश हूँ। मैंने एलन की बहुत मदद की है और मुझे नहीं पता कि एलन ने बिग बिल का विरोध क्यों किया। ट्रंप ने कहा कि दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति को व्हाइट हाउस की कमी खलती है। रिपब्लिकन राष्ट्रपति ट्रंप ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों के सामने मस्क के साथ अपने ब्रेकअप पर बात की। डोनाल्ड ट्रंप के इस बिल का एलन मस्क लगातार विरोध करते आ रहे हैं। मस्क के अनुसार वन बिग ब्यूटीफुल बिल से बजट घाटा कम होने की जगह बढ़ जाएगा जिससे डीओजीई की कोशिशें बेकार हो जाएंगी। वन बिग ब्यूटीफुल बिल में टैक्स कट को 10 साल के लिए बढ़ाने और बॉर्डर सिक्योरिटी खर्च को बढ़ाने का प्रस्ताव है। दरअसल मस्क ने ट्रंप के 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है। उन्होंने समाचार चैनल सीबीएस न्यूज से इंटरव्यू के दौरान बिल को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। मस्क ने कहा था कि यह या तो बड़ा हो सकता है या खूबसूरत, लेकिन यह दोनों एक साथ नहीं हो सकता।

**पहले भारतीय सेना ने चटाई धूल, अब....**

ने मलेशिया में पाकिस्तान के हर करतूत की एक-एक कर पोल खोली। जेडीयू सांसद संजय झा के नेतृत्व में भाजपा, कांग्रेस, सीपीएम, टीएमसी और दूसरी पार्टियों वाले डेलिगेशन ने पाकिस्तान को पूरी दुनिया के सामने बेनकाब कर दिया। भारत से हर मोर्चे पर मात खाने के बाद पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय पटल समर्थन जुटाने की कोशिश की, लेकिन उसे इसमें भी सफलता नहीं मिल पाई। गिनती के दो-तीन देशों को छोड़ दिया जाए, तो पाकिस्तान को पूरी दुनिया से तिरस्कार मिल रहा है। एफएटीएफ की प्रतिबंध सूची में पाकिस्तान अभी भी ग्रे लिस्ट में है। ये भी दुनिया का दुर्भाग्य है कि आतंकवाद को पालने पोसने वाला पाकिस्तान 2025 में यूएन सिक्योरिटी काउंसिल की तालिबान प्रतिबंध कमेटी की अध्यक्षता करने वाला है। पाकिस्तान काउंटर टेररिज्म कमेटी का उपाध्यक्ष भी होगा।

**डॉ. संतराम देशवाल को पद्मश्री.....**

साहित्यकार और लेखक को पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा गया। बता दें कि डॉ. संतराम देशवाल का जन्म झज्जर के गांव खेड़का गुज्जर में हुआ था। 6 साल की उम्र में ही उनके पिता का निधन हो गया था और उनके सिर से पिता का साया हट गया था। उन्होंने बड़ी परेशानी में अपना बचपन और अपनी पढ़ाई पूरी की। उन्होंने एक के बाद एक डिग्री हासिल की। उन्होंने हिंदी और अंग्रेजी में एमए की डिग्री ली। इसके बाद LLB, एमफिल, पीएचडी और अनुवाद में डिप्लोमा और जर्मन भाषा में डिप्लोमा किया। डॉ. देशवाल सोनीपत के छोटूराम आर्य कॉलेज में 30 साल से ज्यादा समय तक एसोसिएट प्रोफेसर रहे। उन्होंने 30 से ज्यादा किताबें लिखी हैं।

**यहां कोई आतंकी अड्डा नहीं...,**

दौरान ही हमने आकलन करना शुरू कर दिया। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जब हमने देखा कि पाकिस्तानियों ने चीनी तकनीक का इस्तेमाल करके क्या करने की कोशिश की, जैसा कि आप कहते हैं, तो एक किल चेन नामक चीज होती है जिसमें चीनी विशेषज्ञ होते हैं, जिसमें रडार, जीपीएस, विमान और मिसाइल सभी एक साथ जुड़े होते हैं। ये सभी तुरंत प्रतिक्रिया करते हैं।

थरूर ने आगे कहा कि हमने बस चीजों को अलग तरीके से किया। हम अगर ऐसा नहीं करते तो हम 11 हवाई अड्डों पर हमला नहीं कर पाते, और हम चीनी आपूर्ति को उनके बचाव में सेंध नहीं लगा पाते। हमारी प्रतिक्रिया से स्पष्ट है कि जब लड़ाई हो रही थी, तब आकलन हो रहा था और हम अपनी रणनीतियों को फिर से तैयार कर रहे थे ताकि हम इसे प्रभावी ढंग से समाप्त कर सकें।

**एक पेड़ माँ के नामः पीएम मोदी ने....**

सक्रिय भागीदारी की अपील की है। कहा, हर युवा को अपने आसपास हरित आवरण को बढ़ाने में योगदान देना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर अरावली पर्वतमाला की पारिस्थितिकीय महत्ता को रेखांकित किया। बताया कि यह पर्वत श्रृंखला गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली तक फैली है, लेकिन खनन, शहरीकरण और वन कटाई के कारण इसका संतुलन बिगड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार, जल प्रणालियों में सुधार करेगी। साथ ही धूल भरी आंधियों पर अंकुश लगाकर थार रेगिस्तान के विस्तार को रोकेगी। इसके लिए स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर पुनरुद्धार अभियान चलाया जाएगा। भाजपा सांसद व अभिनेत्री कंगना रनौत ने प्रधानमंत्री की पहल की सराहना करते अपने निवास पर पौधरोपण किया है। कहा, हमें पर्यावरण विरासत में मिला है, लेकिन इसे हमें आने वाली पीढ़ियों को सौंपना भी है। 'एक पेड़ माँ के नाम' मुहिम लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ती है। आज मैंने संतरे का पेड़ लगाया है और प्रधानमंत्री का धन्यवाद करती हूं।

## कुलपति ने महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय रायपुर का किया अवलोकन



पुरातत्व एवं आदिवासी कलाओं को संरक्षित करने हेतु संग्रहालय की सहराना की

खैरागढ़ (दावा)। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा ने रायपुर के महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय का अवलोकन किया। सर्वप्रथम उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मौजूद प्राचीन मंदिरों का अवलोकन किया और इसके निर्माण सहित अन्य विषयों पर जानकारी प्राप्त की। इसके बाद प्रदेश के विभिन्न प्रांतों से संरक्षित किए गए, प्राचीन प्रतिमाओं से भी अवगत हुई और इसकी विशेषताओं को जाना। साथ ही कुलपति प्रो डॉ.लवली शर्मा ने सिरपुर उत्खनन में प्राप्त लोहे की वस्तुओं, पूजा उपासना की सामग्री, पाषाण युगीन शस्त्र, ताम्र युग की संस्कृति एवं कांस्य संस्कृति सहित अनेक वस्तुओं से अवगत हुई। इसके बाद विभिन्न लिपियों में लिखे गए शिलालेख एवं काष्ठ स्तंभ लेख से भी परिचित हुई और इसे प्राचीन भारतीय इतिहास और संस्कृति के महत्वपूर्ण स्त्रोत बताया। इसके बाद कुलपति ने प्राकृतिक वन्य जीवो के संरक्षण के लिए बनाई गई प्रदर्शनी एवं प्राचीन अस्त्र-शस्त्र से भी अवगत हुई। साथ ही आदिवासी कलाओं को संरक्षित करने हेतु बनाए गए आदिवासी कला दीर्घा का भी अवलोकन की जहां आदिवासी वाद्य यंत्रों व कलाओं सहित विभिन्न विषयों का भी अवलोकन की। संग्रहालय के अवलोकन के दौरान कुलपति महोदया ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं पुरातत्व विथिकाओं को संरक्षित करने का यह कदम बेहद ही सराहनीय है। इस संग्रहालय के माध्यम से संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुरातत्वों के संरक्षण के लिए उठाए गए कदम से वर्तमान तथा आने वाली पीढ़ियों को हमारी कला एवं संस्कृति को बारीकी से जानने व समझने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय स्थित संग्रहालय में भी अधिक से अधिक पुरातत्व विथिकाओं का संरक्षण किए जाने हेतु विशेष पहल करने की बात कही जिससे क्षेत्रीय लोगों को भी भारतीय संस्कृति, पुरातत्वों एवं कलाओं को जानने तथा समझने का अवसर मिल सके।

## प्राक्कयन परीक्षा परिणाम घोषित त्रुटि सुधार हेतु 10 तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। प्रयास आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025-26 के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्कयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिलेवार परीक्षा परिणामों की सूची का अवलोकन आदिवासी विकास की विभागीय वेबसाईट www. eklavya. cg.nic.in पर किया जा सकता है। मेरिट सूची का प्रकाशन पृथक से किया जाएगा।

आवेदकों को जारी परीक्षा परिणाम में अपना नाम एवं रोल नंबर का मिलान करने कहा गया है। इसमें किसी प्रकार की त्रुटि होने पर 10 जून तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय राजनांदगांव में आवेदन स्वयं उपस्थित होकर दावा-आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। डाक द्वारा प्रस्तुत दावा-आपत्ति आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## ग्राम बासुला का युवा को है पर्यावरण से प्रेम, 10 सालों से चला रहा मुहिम, हर साल लगाते हैं सैकड़ों पौधे



ठेलकाडीह (दावा)। जहां एक तरफ पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाखों रूपए खर्च कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभियान चला रहे है। वहीं दूसरी ओर राजनांदगांव जिले के एक छोटे से बासुला गांव का युवक पिछले 10 सालों से पर्यावरण व जल संरक्षण की मुहिम अपने दम पर छेड़ रखा है। इस शख्स का नाम तेजस्वी वर्मा है। जो हर साल पौधे लगाकर पर्यावरण दिशा में एक बेहतर पहल कर रहा है। उन्होंने अपनी मुहिम को हर साल बढ़ाते हुए नए लोगों को प्रेरित कर खुद उनके साथ पौधरोपण उन्हें सुरक्षित रखने के लिए संकल्पित रहते है।

वर्मा बताया कि वह 2014 से पर्यावरण सरंक्षण की शुरूआत की है। उन्होने क्षेत्र के गांवो में जाकर युवाओं और महिलाओं को समय-समय पर प्रेरित करते आ रहे है। इस कार्य में आम लोगों का भी सहयोग मिलता है। इनकी शुरूआत उन्होने कॉलेज की पढ़ाई करते हुए अपने गांव में एक छोटी से टोली बनाकर स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण करने की मुहिम शुरूआत की है। जिसके बाद तेजस्वी वर्मा आसपास के गांवों में भी युवाओं को जोड़ते हुए पर्यावरण संरक्षण की मुहिम छेड़ी है। आज कई गांवों व सड़क किनारे, दुकानों के आसपास उनके द्वारा रोपे गए पौंधे आज पेड़ बनकर लोगों को छांव व शुद्व हवा दे रहे है।

### खुद की खर्च से करते है पौधरोपण

तेजस्वी वर्मा ने बताया कि यदि कही पौधरोपण करना होता है तो वे खुद अपने खर्च का पौधा लाकर पौधरोपण करते है। आज तक उन्होंने किसी से एक रूपया भी नहीं लिया है। उन्हे न तो इस काम में किसी संस्था अथवा विभाग का कोई सपोर्ट नहीं है। यह काम वे स्वयं कते है। वह भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संचालित वित्तिय साक्षरता का कार्य करता है। इस काम में मिलने वाले राशि का कुछ हिस्सा पर्यावरण व जल संरक्षण की मुहिम में खर्च करता है।

### पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है

वर्मा का कहना है आधुनिकता की इस आंधी में बड़े पैमाने पर पेड़ों की बलि दी जा रही है। पेड़-पौधे हमें आक्सीजन देते है। पेड़ों की कटाई से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। जिसके चलते विभिन्न प्रकार के बीमारी उत्पन्न हो रही है। समय पर वर्षा नहीं हो रहा है। गर्मी भी अत्यधिक पड़ रहा है। गांव-गांव में जल संकट गहराता जा रहा है। इस लिहाज से पर्यावरण की सरक्षण अति आवश्यक है। वर्मा ने लोगों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाकर प्रकृति को बचाएं।

*तेजस्वी वर्मा क्षेत्र के ऐसे युवा है, जो इस भागदौड़ भरी जिंदगी में पर्यावरण के लिए समय निकालकर अकेले अपने दम पर पौधरोपण करना वाकई में काबिले तारीफहै। इससे अन्य लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए।*

***- शीला टाकेश सिन्हा***
***जिला पंचायत सदस्य***

## पुराने धोखाधड़ी के प्रकरण में आरोपी को हुई जेल

### पुलिस ने 8 वर्ष पुराने धोखाधड़ी के प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया



डोंगरगांव (दावा)। थाना प्रभारी अवनिश कुमार श्रीवास ने बताया कि थाना डोंगरगांव क्षेत्रों में चल रहे संदिग्ध गतिविधियों एवं लंबित प्रकरण की निराकरण हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा हैं। वर्ष 2017 मे दर्ज धोखाधड़ी के अपराध क्रमांक 260/2017 धारा-420, 34 भादवि के फरार आरोपी रामधनीराम विश्वकर्मा पिता स्व. बुद्धीराम विश्वकर्मा उम्र 33 साल निवासी ग्राम झारगांव, पोस्ट कस्तुरा, थाना दुलदुला जिला जशपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में पुलिस टीम थाना डोंगरगांव से सउनि ईश्वर प्रसाद यादव, प्र.आरक्षक प्रकाश चद्रवंशी, आरक्षक राकेश कुमार साहू का विशेष सहयोग रहा हैं।

## सीधी भर्ती हेतु विषयबंधन राजपत्र जल्द लागू करें सरकार- विषय बाध्यता मंच

राजनांदगांव (दावा)। युक्तियुक्तकरण के भारी विरोधों के बीच इधर मुख्यमंत्री ने सीधी भर्ती की घोषणा कर बेरोजगारों की बहुप्रतिक्षित सीधी भर्ती की मांग पर मुहर लगा दी। 5000 हजार पद पहले चरण में भरे जाएंगे। इधर छग विषय बाध्यता मंच ने यह भर्ती विषय बाध्यता लागू करते हुए विषयवार करने की मांग सरकार से रखी है। शिक्षा का अधिकार कानून-2009 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 बच्चों को मिडिल में शिक्षा गुणवत्ता देने विषय बंधन के प्रावधान पर आधारित है। साथ ही मुख्यमंत्री की विशेष निगरानी वाली शिक्षा गुणवत्ता अभियान भी चालू है। 30 जनवरी को पहले ही विषयबंधन का निर्णय मुख्यमंत्री ने ले लिया है और पूर्व के राजपत्र विलोपन का निर्देश है। हालांकि इस काम में काफी लेट हो चुकी है। अतः अब सीधी भर्ती शुरू हो रही तो त्वरित विषय बंधन राजपत्र लागू करने 11 जुलाई 2023 के राजपत्र को संशोधन करने और पूर्व की तरह विषय बंधन लागू कर छत्तीसगढ़ के बच्चों के साथ शैक्षणिक न्याय करने छग विषय बाध्यता मंच ने सरकार से मांग की है।




## कृषि विज्ञान केंद्र सुरगी के वैज्ञानिक दे रहे नवीन कृषि तकनीक की जानकारी

राजनांदगांव (दावा)। विकसित कृषि संकल्प अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी के वैज्ञानिक एवं संबंधित विभागीय अधिकारी किसानों के गांव एवं खेतों में पहुंचकर कृषकों से सीधा संवाद कर कृषि एवं कृषि से संबंधित नवीन तकनीक की जानकारी प्रदान कर रहे है। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत वैज्ञानिकों एवं कृषि विशेषज्ञों के तीन दल अलग-अलग विकासखंडों में पहुंचकर कृषि के नवीन तकनीक एवं शासन द्वारा कृषकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दे रहे है। जिसके तहत राजनांदगांव विकासखंड में डॉ. नूतन रामटेके एवं श्रीमती अंजलि घृतलहरे, डोंगरगढ़ विकासखंड में डॉ. अतुल डांगे एवं जीतेन्द्र मेश्राम, छुरिया विकासखंड में डॉ. योगेन्द्र श्रीवास एवं आशीष गौरव शुक्ला द्वारा विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर किसानों के उन्नयन हेतु उन्नत कृषि तकनीक, आधुनिक कृषि उपकरणों, केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे है।

साथ ही अभियान के दौरान खरीफ मौसम की प्रमुख फसलों की उन्नत एवं वैज्ञानिक तकनीक, प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों का जीवंत प्रदर्शन, बीज उपचार, धान की सीधी बुआई विधि, पशुपालन एवं उन्नत पशु नस्ल की जानकारी, कृषि ड्रोन तकनीक, मत्स्य पालन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार फसल में संतुलित पोषक तत्वों का उपयोग एवं नवाचारों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। अभियान को सफल बनाने के लिए जिले एवं विकासखंड के जनप्रतिनिधि एवं प्रगतिशील किसान शिविरों में उपस्थित होकर किसानों को कृषि की नवीन तकनीक अपनाने हेतु प्रेरित कर रहे है।

## पेड़ लगाए बबुल का आम कहां से पाए, वाली कहावत हो गई कांग्रेस के जनपद सदस्यों की -गिरवर साहू



डोंगरगढ़(दावा)। 15वे वित्त की राशि में आवंटन के लेकर कांग्रेस के जनपद सदस्यों के साथ किया जा रहा है भेदभाव के आरोप पर कटाक्ष करते हुए जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने आरोप लगाया कि ये वही जनपद सदस्य है जो कांग्रेस के शासन काल मे पूरी दादागिरी के साथ 15वी वित्त की राशि का बन्दरबाट किया और कई भाजपा के जनपद सदस्यों को एक फूटी कौडी नही दी। उस समय यही जनपद सदस्य कहां थे जब भाजपा के जनपद सदस्यों को प्रताड़ित किया गया था।

कांग्रेस शासनकाल में कांग्रेस के जनपद सदस्यों के द्वारा पूरी तरह पंचायतों को अधिग्रहण कर बिना किसी स्टीमेट के गाँव-गाँव मे बिना जरूरत के पानी सिंटेक्स का वितरण किया गया, जिसका उपयोग आज भी किसी गाँव में नही किया गया। आज भी लावारिस पड़ा हुआ है। व्यापारी और जनपद सदस्य मिल कर करोड़ों रूपये का घोटाला किया, जिसका जांच कमेटी भी बनाया गया था लेकिन सत्ता के दबाव में ठंडा बस्ता में डाल दिया गया जहां जहाँ स्ट्रीट लगाया गया उसमें भी मार्केट रेट से ज्यादा में स्ट्रीट लाइट लगाया गया सरकारी पैसे से टी शर्ट बाट कर राशि का दुरुपयोग किया तब ये जनपद सदस्य कहां थे आज इनकी वही स्थिति हो गई है कि पेड़ लगाए बबुल का तो आम कहां से पाए वाली किस्सा साबित हो रही है।

## मुद्रणालय के समस्त कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त साथी को भावभीनी बिदाई दी



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय राजनांदगांव के कर्मचारी राबिन्सन अपनी अधिवार्षिकी सेवावधि पूर्ण कर 31 मई को शासकीय सेवा से मुक्त हुए। मुद्रणालय के समस्त कर्मचारियों ने एक समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त साथी को भावभीनी बिदाई दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष व जिला सचिव तथा विभागीय उप समिति के जिला संयोजक आनंद कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि इस अवसर पर साहित्यिक तपोभूमि नगरी राजनांदगांव के प्रथम नागरिक महापौर मधुसूदन यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मो. ईरफान शेख, शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय के पूर्व उप संचालक अशोक कुमार, फादर जोसफ राज (कैथोलिक चर्च) विशेष रूप से उपस्थित हुए। जिनका स्वागत मुद्रणालय के समस्त कर्मचारियों ने किया। अतिथियों व कर्मचारियों के द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारी राबिन्सन का गुलाल से तिलक अभिषेक करते हुए शाल व श्रीफल भेंट किया गया एवं यात्री-बैग, स्टील का पानी ड्रम, दीवार घड़ी, मानपत्र व प्रतीक चिह्न (मोमेंटो) आदि उपहार भेंट किया गया।

मंचासीन अतिथियों ने समारोह को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारी से अपने पारिवारिक जुड़ाव विषयक प्रकाश डालते हुए अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त कर्मचारी राबिन्सन के व्यक्तित्व और कृतित्व के साथ ही रियासतकालीन राजनांदगांव में मुद्रणालय का इतिहास व मुद्रणालय की कार्य प्रकृति के साथ ही नये मुद्रणालय भवन के निर्माण में कर्मचारी साथियों की भूमिका व संघर्ष पर भी बात करते हुए तथा बिदाई समारोह के माध्यम से अपने साथियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए वरिष्ठ साथियों की बनाई हुई इस भावपूर्ण परंपरा के लिए सराहना करते हुए कर्मचारियों की एकता की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इसके साथ ही कर्मचारियों के द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। समारोह के अंत में स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी गयी थी। इस अवसर पर मुद्रणालय के सभी कर्मचारी व परिवार के सदस्यों भी उपस्थित थे।

## बिलाई माता फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड भानपुरी द्वारा जैविक खाद जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। धमतरी जिले के भानपुरी क्षेत्र में बिलाइमाता फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के तत्वावधान में जैविक खाद के प्रति किसानों को जागरूक करने हेतु एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका प्रायोजन ऑल वॉलंटरी एसोसिएशन फाउंडेशन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में जैविक खेती को बढ़ावा देना, किसानों को प्राकृतिक कृषि पद्धतियों की ओर प्रेरित करना तथा भूमि की उर्वरता व पर्यावरण संतुलन बनाए रखना था।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. हेमशंकर जेठमल साहू, चेयरमेन अल्वा फाउंडेशन ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि रासायनिक खादों के अत्यधिक प्रयोग से जहां भूमि की गुणवत्ता क्षीण होती है। वहीं जैविक खाद न केवल मिट्टी को पोषण देती है, बल्कि फसलों की गुणवत्ता, स्वाद एवं पोषण स्तर को भी बेहतर बनाती है। उन्होंने जैविक खाद निर्माण की प्रक्रिया, उपयोग की विधियां तथा इससे जुड़ी आर्थिक संभावनाओं पर भी विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा भारती के प्रांत स्वावलंबन प्रमुख पोषण सिन्हा ने किसानों से आत्मनिर्भर बनने की अपील करते हुए कहा कि जैविक कृषि ही सतत विकास का आधार है और यदि किसान समूह में कार्य करें, तो उत्पादन लागत घटाकर लाभ में वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने किसानों को सरकारी योजनाओं, एफपीओ मॉडल और जैविक उत्पादों की ब्रांडिंग एवं विपणन के उपायों से भी अवगत कराया। साथ ही जनता फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी, पटन के निदेशक वेद नारायण वर्मा ने भी किसानों को संबोधित किया और उन्हें बताया कि किस प्रकार एफपीसी मॉडल के माध्यम से किसान आपसी सहयोग से खाद्य उत्पादन, प्रोसेसिंग और बिक्री में नई ऊंचाईयां प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में बिलाईमाता एफपीसी लिमिटेड के निदेशक घनाराम साहू ने बताया कि स्थानीय स्तर पर जैविक खाद निर्माण के लिए कंपनी प्रयासरत है और किसानों को इससे जोड़ने हेतु प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस जागरूकता कार्यक्रम में खुर्रा, आमदी, नवागांव, गगरा, संबलपुर और बरसुली जैसे गांवों से बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। इन गांवों के प्रतिनिधि कृषकों रामलाल यादव खुर्रा, श्रीमती फूलबाई नेताम आमदी, देवकरण साहू नवागांव, तुलसीराम निषाद गगरा, जगदीश सोनवानी संबलपुर और श्रीमती रेखा साहू बरसुली ने न केवल भाग लिया। बल्कि जैविक खेती के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प भी लिया। सभी प्रतिभागियों ने जैविक खेती की उपयोगिता को समझा और भविष्य में रासायनिक खेती को धीरे-धीरे त्यागने का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम का समापन किसानों के प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ। जहां विशेषज्ञों ने जैविक खाद से जुड़े तकनीकी और व्यवहारिक पहलुओं पर स्पष्ट और उपयोगी जानकारी दी। यह आयोजन न केवल एक प्रशिक्षण सत्र था। बल्कि ग्रामीण कृषकों के जीवन में स्थायी परिवर्तन लाने की दिशा में एक ठोस कदम साबित हुआ। जिससे जैविक कृषि के प्रसार को नया बल मिला है।

## महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा उद्यमिता विकास हेतु उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण संपन्न




राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की उपस्थिति में जिला पंचायत सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान (एनआरएलएम) अंतर्गत गठित महिला स्वसहायता समूहों की उद्यमी सदस्यों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा उनके उद्यमिता विकास हेतु कार्यरत सामुदायिक संवर्गों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने बिहान योजना अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र एवं जरूरतमंद सभी महिला उद्यमियों को परियोजनाओं के तहत लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

प्रशिक्षण में बताया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में समूह की उद्यमी महिलाओं को उनके उद्यम विकास हेतु ऋण के रूप में संकुल संगठन के माध्यम से सीआईएफ राशि, बैंकों के माध्यम से इंटरप्राईज फाइनेंस (मुद्रा व स्वयंसिद्धा) एवं एसवीईपी, ओएसएफ, एमईडी परियोजना के तहत सीईएफ राशि के माध्यम से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराते हुए लाभान्वित किया जाएगा। प्रशिक्षण में अधिकारियों द्वारा परियोजनाओं हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित लक्ष्य, ऋण हेतु पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया तथा ऋण के पुर्नभुगतान हेतु स्वसहायता समूह, ग्राम संगठन, संकुल संगठन स्तर पर प्रबंधन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सभी विकासखण्डों में कार्यरत एफएलसीआरपी, बीडीएसपी, सीआरपी-ईपी, संकुल संगठन के पदाधिकारी एवं जनपद स्तर के स्टॉफ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में जिला पंचायत से डीएमएम पिनाकी डेसरकार, डीपीएम (वित्त प्रबंधन) देवेन्द्र सेन, प्रभारी डीपीएम (आजीविका) सुशील श्रीवास्तव एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## ग्रामों में विकास कार्यो के लिए 34 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के 6 ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 34 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम ठाकुरटोला, बेलटिकरी एवं खैरझिटी में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50-6.50 लाख रूपए तथा ग्राम भैंसातरा, अ.भांठापारा एवं गठुला में अटल डिजीटल सुविधा केन्द्र व सीएससी भवन निर्माण हेतु 5-5 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

उन्होंने निर्माण एजेंसी को नियमों व प्रावधानों का पालन करते हुए समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए हैं।

## किशोर न्याय अधिनियम के तहत लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण के लिए जिला स्तरीय संवेदीकरण कार्यशाला संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। किशोर न्याय अधिनियम के तहत लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण के लिए कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रधान मजिस्ट्रेट श्रीमती हर्षी अग्रवाल एवं अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रधान मजिस्ट्रेट श्रीमती हर्षी अग्रवाल ने किशोर न्याय अधिनियम के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चें बालक है, जिनके सर्वोत्तम हित में ध्यान रखते हुए विशेष किशोर पुलिस इकाई के बाल कल्याण अधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता तथा जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग के अमले को समन्वित होकर कार्य करना होगा। अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा ने कहा कि किशोर न्याय अधिनियम के अनुसार बच्चों के कल्याण के लिए कार्य करना होगा। साथ ही पुलिस प्रशासन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लंबित प्रकरणों को सतत रूप से समीक्षा करने कहा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरप्रीत कौर ने बताया कि जिले में संचालित शासकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह एवं बाल गृहों में बच्चों का देखरेख किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार किया जा रहा है। गृह के परीवीक्षा अधिकारी एवं केसवर्कर द्वारा बालकों के परिजनों से सतत संवाद करते हुए काउंसलिंग सेवा प्रदाय कर बालकों के प्रकरण की शीघ्र निपटान हेतु परिजनों को तैयार करते हुए किशोर न्याय बोर्ड एवं बालक कल्याण समिति से समन्वय स्थापित कर प्रकरणों का निराकरण कराया जा रहा है। जिला स्तरीय कार्यशाला उपरान्त और भी तीव्र गति से लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु विभागीय अमले द्वारा कार्य किया जाएगा।

कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक व राज्य समन्वयक विपिन ठाकुर ने बचपन बचाओं आन्दोलन एवं राज्य स्तरीय स्त्रोत व्यक्ति द्वारा कार्यशाला में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों अनुसार कार्य दायित्व से अवगत कराया गया तथा प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु विधि सम्मत सुझाव भी दिए। कार्यशाला में डीएसपी दिलीप सिसोदिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न, सहायक संचालक शिक्षा विभाग श्रीमती संगीता राव, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी एनएस रावटे, जिले के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, एक्सपर्ट पैनल सदस्य अमलेंदु हाजरा सहित बाल देखरेख संस्थाओं के अधीक्षक, परीवीक्षा अधिकारी तथा जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला बाल संरक्षण अधिकारी चन्द्रकिशोर लाड़े, परिवीक्षा अधिकारी श्रीमती स्मिता उके उपस्थित रहे।

# युक्तियुक्तकरण से बच्चों को मिलेंगी अच्छी शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और सुविधाएं- कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और समावेशी बनाने के लिए शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया है। नगरीय क्षेत्रों में छात्रों की तुलना में अधिक शिक्षक पदस्थ हैं, जबकि ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों की शालाओं में स्थिति इसके विपरीत है। वहां शिक्षकों की कमी है, जिसके कारण शैक्षिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं और छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम भी प्रभावित हो रहा है। इस स्थिति को सुधारने के उद्देश्य से ही प्रदेश सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण का कदम उठाया गया है। इससे जिन शालाओं में शिक्षक की जरूरत है, वहां शिक्षक उपलब्ध होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में गणित, रसायन, भौतिकी और जीव विज्ञान जैसे अन्य विषयों के विषय-विशेषज्ञ उपलब्ध होंगे। बच्चों को अच्छी शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कुल मिलाकर युक्तियुक्तकरण के माध्यम से छात्र-शिक्षक अनुपात स्कूलों में संतुलित हो, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शिक्षकों और शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया गया। छत्तीसगढ़ में प्राथमिक स्तर पर छात्र-शिक्षक अनुपात 21.84 बच्चे प्रति शिक्षक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 26.2 बच्चे प्रति शिक्षक हैं, जो राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। राज्य में 212 प्राथमिक शालाएं शिक्षक विहीन एवं 6,872 शालाएं एकल शिक्षकीय हैं।



शिक्षकविहीन विद्यालयों में होगी शिक्षकों की उपलब्धता
- एक ही परिसर में विद्यालय होने से आधारभूत संरचना होगी मजबूत
- जिले में प्राथमिक शालाओं में 248 एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 88 शिक्षक ही अतिशेष, सिर्फ उन्हीं स्कूलों का समायोजन किया गया है, जिनमें छात्रों की संख्या बहुत कम

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में प्रेसवार्ता ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, सतीश ब्योहरे, चार ब्लाक के बीईओ उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि राज्य के प्राथमिक शालाओं में 3,608 एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 1,762 शिक्षक ही अतिशेष हैं। हमारे जिले में प्राथमिक शालाओं में 248 एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 88 शिक्षक ही अतिशेष हैं। युक्तियुक्तकरण से शिक्षक विहीन विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता के साथ ही एक ही परिसर में विद्यालय होने से आधारभूत संरचना मजबूत होगी और स्थापना व्यय में भी कमी आएगी। यह युक्तियुक्तकरण कोई कटौती नहीं, बल्कि गुणवत्ता और समानता की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई प्रभावित नहीं हो। पूरे राज्य में मात्र 241 स्कूलों का समायोजन किया जा रहा है। राजनांदगांव जिले में 5 शालाओं का समायोजन किया जा रहा है। राज्य के कुल 10 हजार 538 स्कूलों में से 10 हजार 297 स्कूल यथावत संचालित रहेंगे, जबकि राजनांदगांव जिले में 1335 स्कूलों में से 1330 स्कूल यथावत संचालित होंगे। सिर्फ उन्हीं स्कूलों का समायोजन किया गया है, जिनमें छात्रों की संख्या बहुत कम है और पास में बेहतर विकल्प मौजूद हैं। एक ही परिसर में स्थित विद्यालयों को समाहित कर क्लस्टर मॉडल विकसित किया गया। अतिशेष शिक्षकों का पुनः समायोजन कर एकल शिक्षकीय और शिक्षक विहीन विद्यालयों में पदस्थापना की गई। युक्तियुक्तकरण से लगभग 90 प्रतिशत बच्चों को तीन बार प्रवेश प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी और बच्चों को पढ़ाई में गुणवत्ता के साथ ही निरंतरता भी बनी रहेगी। बच्चों के ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी। अच्छी बिल्डिंग, लैब, लाईब्रेरी जैसी सुविधाएं एक ही जगह देना आसान होगा।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि जिले में 6 प्राथमिक शालाएं शिक्षक विहीन एवं 94 शालाएं एकल शिक्षकीय हैं। राज्य में 48 पूर्व माध्यमिक शालाएं शिक्षकविहीन और 255 एकल शिक्षकीय हैं। राजनांदगांव जिले में शून्य पूर्व माध्यमिक शाला शिक्षक विहीन और 9 एकल शिक्षकीय हैं। राज्य के प्राथमिक स्कूलों में 7,296 शिक्षक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में 5,536 शिक्षकों की आवश्यकता है। राजनांदगांव जिले में प्राथमिक स्कूलों में 126 शिक्षक एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन में और 122 शिक्षक ज्यादा दर्ज संख्या वाले स्कूलों में पदस्थ किये गये है एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में 88 अतिशेष शिक्षकों की पदस्थापना एकल शिक्षकीय 5 स्कूलों में एवं आवश्यकता वाली शालाओं में पदस्थापना की गई है।

राजनांदगांव जिला अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोटिया में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के लिए कुल 103 विद्यार्थियों की दर्ज संख्या है, यहां स्वीकृत 11 पदों के विरूद्ध मात्र 3 व्याख्याता कार्यरत हैं एवं 8 पद रिक्त हैं। दूसरी ओर ठाकुर प्यारेलाल शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में 84 विद्यार्थियों की तुलना में 10 शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि दर्ज संख्या के अनुसार यहां केवल 4 शिक्षकों की आवश्यकता है। महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय राजनांदगांव में 497 विद्यार्थियों की तुलना में 26 व्याख्याता कार्यरत हैं, जबकि कम दर्ज संख्या आबंटित कालखंड 4 से कम होने के कारण 6 व्याख्याता को अतिशेष मानकर युक्तियुक्तकरण में शामिल किया गया है। राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड डोंगरगांव में शासकीय प्राथमिक शाला सेवताटोला में दर्ज संख्या 38 कार्यरत शिक्षक संख्या 5 है। जिसमें 3 अतिशेष, शासकीय प्राथमिक शाला मटिया कार्यरत शिक्षक संख्या 4 अतिशेष 2, शासकीय प्राथमिक शाला बडगांव दर्ज संख्या 88 कार्यरत शिक्षक 5 अतिशेष 2, शासकीय प्राथमिक शाला चमारराय टोलागांव दर्ज संख्या 50 कार्यरत शिक्षक 4 अतिशेष 2 है।

# छट्ठी में जा रहे ग्रामीणों से भरी पिकअप पलटी, 15 घायल 5 की हालत गंभीर, 2 को किया रेफर



खैरागढ़ (दावा)। छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे ग्रामीणों से भरी एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर अचानक पलटी मालवाहक पिकअप वाहन में लगभग 30 लोग सवार थे। जिनमें करीब 15 लोग घायल हो गये हैं और 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है। 5 घायलों में 2 गंभीर रुप से घायल लोगों को बेहतर उपचार के लिए राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

गौरतलब है कि यह पिकअप में सवार सभी लोग खैरागढ़ के ईटार गांव से मुंग्लानि डोंगरगढ़ छट्ठी के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। दोपहर लगभग 2:30 बजे जैसे ही वाहन मुढ़ीपार-ढारा मार्ग में ग्राम सिदार खपरी से कुछ दूरी पर पहुंचा ही था कि उसी समय सड़क पर अचानक एक बकरी आ गई। ड्राइवर ने जानवर को बचाने की कोशिश में गाड़ी से अपना नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार पिकअप अंततः पलट गई। इस दुर्घटना में हिमांशु कंवर उम्र 14 वर्ष पिता भंगू कंवर ईटार, अनिता नेताम पिता भुरू 14 उम्र ईटार, दुर्पति चंद्रवंशी उम्र 40 वर्ष ईटार, निराशा कंवर 50 वर्ष ईटार, रूखमणी कंवर पति लालसिंह कंवर उम्र 40 वर्ष, शनता नेता उम्र 35 वर्ष, सुनिति पिता दुलारू कंवर उम्र 20 ईटार, सविता कंवर उम्र 17 वर्ष, तारण बाई कंवर व सुमित्रा कंवर उम्र 36 वर्ष, लोकेश्वरी कंवर उम्र 18 वर्ष ईटार, प्रीती कंवर उम्र 21 वर्ष, परदेशनीन कंवर उम्र 50 वर्ष, सरस्वती कंवर उम्र 55 वर्ष, मालती कंवर उम्र 55 वर्ष ईटार, सुमित्रा कंवर उम्र 37 वर्ष एवं विश्वासा उम्र 65 वर्ष ईटार घायल हुये है। विश्वासा कंवर उम्र 62 मालती कंवर 63 साल ईटार निवासी हाथ और चेहरे पर गंभीर चोट आई जिसे राजनंदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही मुड़ीपार पीएससी से डॉ.नागेश सिमकर अपनी मेडिकल टीम के साथ तुरंत घटना स्थल पर पहुँचे। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलों को खैरागढ़ सिविल अस्पताल रेफर किया गया। स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य अमले की तत्परता से कई घायलों को सही समय पर उपचार मिल पाया। प्रशासन की ओर से एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने सिविल अस्पताल पहुंच कर घायलों का हालचाल जाना और घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराने तत्परता दिखाते हुए निर्देश दिये। बहरहाल दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# कांग्रेस के चेतन साहू छः वर्षो के लिए निष्कासित



डोंगरगांव (दावा)। कांग्रेस पार्टी की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही है। लोकसभा, विधानसभा चुनाव से लेकर पंचायत चुनाव तक के सफर में पार्टी को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं भीतरघात और गुटबाजी के चलते पार्टी में काफी बिखराव भी देखा गया है।

बता दे कि डोंगरगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा विगत दिन हुए निर्णय और निष्कासन की प्रक्रिया को लेकर पार्टी के पदाधिकारी में जबरदस्त नाराजगी थी और पार्टी के शीर्ष नेताओं ने असंतोष जताया है। इस मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव के द्वारा भी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई थी। इधर बैठक कर आपस में तय करके निष्कासन की प्रक्रिया का निर्णय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को भारी पड़ गया और उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया गया है। बता दे की 5 जून को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी मंत्री (संगठन एवं प्रशासन) मलकीत सिंह गैंदू के आदेश अनुसार निष्कासन आदेश जारी किया गया। निष्कासन आदेश के अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतनदास साहू को पहले कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। जिसका जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने के कारण अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से छः वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया गया है।

# टेड़ेसरा स्थित स्टील फैक्ट्री के बंद कमरे में मिली लाश



- सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस
- युवक की हत्या कर कमरे में बाहर से ताला लगाकर हुआ फरार

राजनांदगांव (दावा)। सोमनी थाना क्षेत्र के टेड़सरा स्थित पीएस स्टील फैक्ट्री के लेबर रुम में सड़ी-गली अवस्था में मिली लाश से आसपास में सनसनी फैल गई है। सोमनी पुलिस उक्त सड़ी-गली लाश को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज हास्पीटल भेजकर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटी हुई है। सोमनी थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि पीएस स्टील -2 फैक्ट्री में यूपी का रहने वाला 35 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार लंबे समय से काम कर रहा था। उसके रहने के लिए फैक्ट्री द्वारा पीछे के लेबर रूम में एक कमरा दिया गया है। वहीं रहकर वह फैक्ट्री में काम में जाता था। उक्त मजदूर की अज्ञात आरोपी द्वारा हत्या कर फरार होने की जानकारी सामने आई है।

थाना प्रभारी श्री देवांगन ने बताया कि मृतक धर्मेंद्र कुमार के यूपी के खुशीनगर निवासी उनके माता-पिता को सूचना दे दी गई है, लेकिन वे अभी तक नहीं आ पाए हैं। कल तक उनके पहुंचने की संभावना है। जब तक हास्पीटल से पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी आ जाएगी। इससे उक्त युवक की हत्या के संबंध में जानकारी मिल सकेगी।

टीआई श्री देवांगन ने बताया कि युवक धर्मेंद्र कुमार पिछले चार दिनों से काम पर नहीं जा रहा था। उसके कमरे के बाहर ताला लटके होने से आसपास के मजदूर उसे बाहर गया होगा समझ रहे थे। बुधवार को उसके कमरे के बाहर बदबू आने पर इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। तब मौके पर पहुंच कर दरवाजे का ताला तोड़ा गया। जहां अंदर उक्त युवक की सड़ी-गली लाश मिली। श्री देवांगन ने बताया कि मृतक के गले में धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या किए जाने का मामला सामने आ रहा है। गला रेतने के निशान मिले हैं। पुलिस फोरेंसिक एक्सपर्ट और डाग स्क्वॉड की टीम के साथ मौके की जांच पर जुटी रही। उनके अनुसार अज्ञात आरोपी द्वारा युवक की हत्या कर बाहर से ताला लगाकर फरार हो गया है। पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन व मार्गदर्शन में पूरे मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है।

अपने घरों एवं गांव में भी हरियाली फैलाने में योगदान दे, तभी भारत ग्लोबल वार्मिंग से बच सकेगा।

# कटेनर चोरी करने वाला आरोपी सोमनी पुलिस के हत्थे चढ़ा



राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों सोमनी थाना क्षेत्र में घटनाओं की बाढ़ आई हुई है। मनगटा क्षेत्र में हुई मारपीट की घटना से लेकर टेड़सरा क्षेत्र के देवादा में हुई एक महिला की जलकर मौत व अभी उसी क्षेत्र की एक स्टील फैक्ट्री के मजदूर की हुई हत्या से माहौल गरमा गया है। सोमनी थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि उसके थाना क्षेत्र से कंटेनर चोरी करने वाले आरोपी को धर दबोचा गया है। पुलिस ने आरोपी जीत लाल साहनी के पास से चोरी किए गए उक्त कंटेनर को जब्त किया है।

घटना के संबंध में उन्होंने बताया कि प्रार्थी जाहिद खान पिता आमिन खान उम्र 55 साल निवासी केलाबाडी दुर्ग ने दिनांक गत दिनों 21 मई को रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह रिलायंस ट्रेवलर्स कंपनी में गैरेज इंचार्ज का कार्य करता है। कंपनी के द्वारा बालाजी ट्रांसपोर्ट पूणे महाराष्ट्र से एक कंटेनर को जनवरी 2025 में खरीदे थे, जिसे ग्राम देवादा में पीएनआर ढाबा के पास रखे थे जिसे बीच-बीच में आकर चेक करते थे, दिनांक 21मई को चेक करने पर कंटेनर नही मिला तब आसपास के लोगों से पता किया तो कोई पता नही चला।

प्रार्थी के उक्त रिपोर्ट पर थाना सोमनी में अपराध क्रमांक 106/2025 धाराः-303(2) बीएनएस दर्ज कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण गंभीर प्रवृत्ति का होने से पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में स्वयं उनके नेतृत्व में सोमनी पुलिस की टीम गठित कर अज्ञात आरोपी व माल मशरूका का लगातार पतासाजी की जा रही थी। विवेचना दौरान अज्ञात आरोपी व माल मशरूका के संबंध में तकनीकी साक्ष्य के सहयोग से आरोपी जीतलाल साहनी को बारामती पुणे महाराष्ट्र से हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो गत दिनांक 22 अप्रेल को कंटेनर को चोरी कर ले जाना बताया और अपने परिचित के राजेन्द्र यादव के दुकान सामने दुर्ग में रखना बताया। जिसे आरोपी के निशानदेही पर बरामद कर विधिवत कार्यवाही किया गया, आरोपी द्वारा धारा 303(2) बीएनएस का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी जीतलाल साहनी पिता सुरेन्द्र साहनी उम्र 31 साल निवासी सलेमपुर डुमरीया थाना चेहराकाला जिला वैशाली बिहार हाल बारामती पुणे महाराष्ट्र को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमाण्ड में लिया गया।

आवश्यकता है
प्रेस में रात्रिकालीन चौकीदार की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें।
-: संपर्क :-
दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726

# प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज आज शहर



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज का आज शुक्रवार 6 जून को शहर आगमन हो रहा है। श्री बैज आज सुबह 12 बजे के लगभग ऑफिसर कालोनी देवेंद्र नगर रायपुर से राजनांदगांव के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 2 बजे यहां पहुंचकर गांधी चौक, सुनार पारा स्थित शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा के निवास स्थान पहुंचकर वे पितृ शोक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद दोपहर ढ़ाई बजे का समय न्यू सर्किट हाउस में आरक्षित हैं। तत्पश्चात श्री बैज दोपहर 3 बजे यहां से निकलकर कार द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जन्मदिवस पर मां शीतल मंदिर में कराया भंडारा



राजनांदगांव (दावा)। मां शीतला मंदिर में गुरूवार को पवन बंसोड़ ने अपने जन्मदिन पर आम लोगों को मंदिर प्रांगण में भंडारा कराकर मनाया। उनके इस भंडार में लोकनाथ यदु (जग्गा) ने भी अपना सहयोग दिया व समस्त शीतला मंदिर के सदस्य भी शामिल हुए।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com